दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 980

## संक्षिप्त खबरें ।

### इंडिया पर बड़ा दावा! राहुल गांधी का नाम लेकर संजय राउत ने मचाई सियासी हलचल, अब कांग्रेस का आया बयान



लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन यानी INDIA पर बड़ा बयान दिया है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लेते हुए राउत के दावे के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भी प्रतिक्रिया आई है।

शिवसेना (UBT) के MP संजय राउत ने कहा कि, 'INDIA ब्लॉक का काम तब शुरू होता है जब लोकसभा चुनाव पास आते हैं. तब तक किसी के बीच कोई बातचीत नहीं होती. तब तक, INDIA ब्लॉक में लोग क्या कर रहे हैं, किसी को पता नहीं चलता. देश में बहुत सारी दिक्कतें हैं. अमेरिका के साथ हुई डील का नतीजा यह होगा कि देश के किसान मरेंगे, आत्महत्या करेंगे और भूखे मरेंगे. लेकिन INDIA ब्लॉक के सिर्फ पार्लियामेंट में आवाज उठाने से काम नहीं चलने वाला. वे राहुल गांधी को भी पार्लियामेंट में बोलने नहीं देते. क्या हम बाहर कुछ कर सकते हैं?

**राउत के बयान पर क्या बोली कांग्रेस?:** राउत ने कहा कि देश में बहुत सारे मुद्दे हैं, मणिपुर का मुद्दा, कानून-व्यवस्था का मुद्दा. INDIA ब्लॉक को हमेशा चौकन्ना रहना चाहिए. उन्हें एक-दूसरे से बातचीत करनी चाहिए. महीनों, सालों तक वे किसी से बात नहीं करते. चाहे वह उद्धव ठाकरे हों या दूसरे नेता, हम चाहते हैं कि INDIA ब्लॉक सिर्फ लोकसभा चुनाव से पहले ही नहीं, बल्कि उससे भी पहले एक्टिव हो. किसी ने सुझाव दिया है कि ममता बनर्जी को INDIA ब्लॉक को लीड करना चाहिए. दूसरे का कहना है कि स्टालिन को करना चाहिए. यह उनकी पर्सनल राय है. इंडिया ब्लॉक की एक मीटिंग होनी चाहिए। शिवसेना UBT MP संजय राउत के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रतिक्रिया दी.उन्होंने कहा कि, वह एक सीनियर लीडर हैं. अगर उन्होंने कुछ कहा है, तो बेशक, INDIA के सभी अलायंस पार्टनर इसे सुनेंगे और देखेंगे कि क्या करना है।

## फीडबैक या डैमेज कंट्रोल? आखिर यूपी में क्यों ताबड़तोड़ बैठकें कर रहे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

लोक तंत्र की आवाज़

**लखनऊ।** लखनऊ का सियासी पारा इस समय गर्म है. वजह विपक्ष के हमले या सरकार के फैसले नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की ताबड़तोड़ राजनीतिक मुलाकातें हैं. बीती रात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करीब 35 मिनट चली बातचीत के बाद सुबह-सुबह दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक से 15-15 मिनट की अलग-अलग मुलाकात ने अटकलों का दौर शुरू कर दिया है।

इन मुलाकातों का आधिकारिक एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे सामान्य शिष्टाचार से कहीं ज्यादा अहम माना जा रहा है. खासतौर पर तब, जब राज्य में 2027 का विधानसभा चुनाव सत्ता और संगठन दोनों के लिए निर्णायक माना जा रहा है. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संघ प्रमुख ने तीनों शीर्ष नेताओं से अलग-अलग फीडबैक लिया है. उत्तर प्रदेश सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की धुरी है. 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं मिल पाया. ऐसे में संघ और भाजपा दोनों



2027 को किसी भी हाल में हाथ से जाने देना नहीं चाहते।

हाल के कुछ विवादों जैसे यूजीसी के बदले नियम, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़ा प्रकरण और वाराणसी के मणिकर्णिका घाट ध्वस्तीकरण को लेकर उठे सवाल से सरकार की छवि को लेकर भी चर्चा हुई. विपक्ष, खासकर समाजवादी पार्टी इन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटी है. ऐसे में यह स्वाभाविक है कि संघ यह जानना चाहे कि जमीन पर कार्यकर्ताओं और परंपरागत समर्थक वर्ग में किस तरह की प्रतिक्रिया है. क्या नाराजगी है? क्या भ्रम है? और उसे कैसे दूर किया जाए?

**संघ की भूमिका: रिमोट कंट्रोल या मार्गदर्शन?:** इन सवालों के बीच संघ प्रमुख का एक बयान भी चर्चा में है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वे भाजपा को रिमोट कंट्रोल से नहीं चलाते, बल्कि हिंदू समाज के एजेंडे पर चलने वाले सभी दल उनके लिए समान हैं. यह बयान भले ही औपचारिक लगे, लेकिन इसके राजनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं. संघ हमेशा से खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता रहा है, लेकिन चुनावी रणनीतियों और जमीनी नेटवर्क में उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता. 2024 के बाद महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में संघ की सक्रियता बढ़ी और भाजपा को संगठनात्मक मजबूती का लाभ मिला. ऐसे में माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में भी संघ 2027 को लेकर अपनी भूमिका तय कर रहा है।

**डैमेज कंट्रोल की थ्योरी**

संघ प्रमुख की मुलाकातों को डैमेज कंट्रोल एक्सरसाइज के तौर पर भी देखा जा रहा है. खासकर ब्राह्मण समुदाय को लेकर उठे सवालों के संदर्भ में. हाल के दिनों में विपक्ष लगातार यह आरोप लगा रहा है कि योगी सरकार ब्राह्मण विरोधी है. दिलचस्प यह है कि संघ प्रमुख से मुलाकात के पहले डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने 101 बटुकों का सम्मान किया. फिर केशव प्रसाद मौर्य भी इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं।

**तालमेल की परीक्षा:** राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि किसी भी बड़े चुनाव से पहले संगठन और सरकार के बीच तालमेल की समीक्षा जरूरी होती है. उत्तर प्रदेश में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा विशाल है, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद कई स्तरों पर आत्ममंथन की जरूरत महसूस की गई. संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में नई टीम की चर्चा भी जोरों पर है. संघ प्रमुख की बैठकों को इस संदर्भ में भी देखा जा रहा है. क्या संगठन में बदलाव की तैयारी है? क्या सरकार में कुछ नए चेहरे शामिल होंगे? हालांकि इन सवालों पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

## कांग्रेस जमीनी फीडबैक के जरिए असम विस में प्रत्याशी उतारेगी

लोक तंत्र की आवाज़

**असम।** 1950-60 के दशक कांग्रेस में टिकटों का बंटवारा प्रदेश कांग्रेस समितियों की सिफारिशों के जरिए किया जाता था. ये स्थानीय नेताओं की पकड़ और हाईकमान अंतिम मंजूरी के मिश्रित फॉर्मूले से होता था. हालांकि वक्त बदला और टिकटों के बटवारों का फॉर्मूला बदल गया, कई राज्यों में करारी हार के बाद अब असम में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी एक नए फॉर्मूले को लागू करने की योजना बना रही हैं. नए फॉर्मूले के मुताबिक कांग्रेस जमीनी फीडबैक के जरिए प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी।

**इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी:** राज्य में पार्टी कैंडिडेट के लिए स्क्रीनिंग कमेटी को प्रियंका गांधी हेड कर रही हैं. कांग्रेस नेताओं और स्क्रीनिंग पैनल के साथ वो मीटिंग भी करने वाली हैं. नए सिस्टम के हिसाब से प्रियंका गांधी की कमेटी के मेंबर को संभावित कैंडिडेट पर फीडबैक लेने के लिए राज्य में बहुत ज्यादा ट्रैवल करना होगा. कमेटी मेंबर MP सप्तगिरी शंकर उलाका, इमरान मसूद और सीनियर लीडर सिरिवेल्ला प्रसाद हैं. उन्हें कैंडिडेट को शॉर्टलिस्ट करने और चुनाव से पहले अंदरूनी बातचीत को आगे बढ़ाने का काम सौंपा गया है।

**पायलट प्रोजेक्ट की तरह हो सकता प्लान:** कांग्रेस के एक सोर्स ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी के लिए वाड्रा का "नया सिस्टम" एक एक्सपेरिमेंट है



और इसे दूसरे राज्यों के चुनावों में भी "पायलट प्रोजेक्ट" की तरह इस्तेमाल किए जाने की संभावना है. आम तौर पर स्क्रीनिंग कमेटी दिल्ली में स्टेट इलेक्शन कमेटी (SEC) से मिलती है और राज्य के सीनियर नेताओं को नेशनल कैपिटल बुलाया जाता है लेकिन प्रियंका गांधी ने इसमें बड़ा बदलाव किया है. उन्होंने कमेटी के तीन सदस्यों को पांच-पांच जिले दिए हैं और उन्हें लोकल नेताओं और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से फीडबैक लेने के लिए इन जिलों में जाने का निर्देश दिया है।

**तीन जिलों में घूम रहे हैं नेता:** तीनों नेता पहले से ही तीनों जिलों में घूम रहे हैं, लोकल कैडर, सिविल सोसाइटी के सदस्यों और लोकल पत्रकारों से मिल रहे हैं. बंद कमरे में मीटिंग कर रहे हैं. जब स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग होगी तो ये नतीजे शेयर किए जाएंगे. AICC के एक सीनियर नेता ने बताया कि अगर वाड्रा का एक्सपेरिमेंट कामयाब रहा और अगर सिस्टम ठीक से काम करता है तो पार्टी भविष्य के राज्य चुनावों में इसे अपनाने पर विचार कर सकती है।

## AI सही दिशा में आगे बढ़ा तो सॉल्यूशन, पीएम मोदी ने AI इंपैक्ट लीडरशिप समिट में दिया मानव मंत्र

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एआई इंपैक्ट लीडरशिप समिट को संबोधित किया. उन्होंने भारत को टेक और टैलेंट का बड़ा केंद्र बताया. पीएम मोदी ने कहा, दिलचस्प बात ये है कि जब हम ट्रांसफार्मेशन के दौर में होते हैं तो उसके वास्तविक प्रभाव का अंदाजा नहीं हो पाता. जब पत्थरों को रगड़ने से पहले चिंगारी निकली थी तो किसी को अंदाजा नहीं था ये सभ्यता का नया बदलाव होगा. आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस मानव इतिहास का ऐसा ही ट्रांसफारमेशन है. आज हम जो देख रहे हैं, इसके इंपैक्ट को महसूस कर रहे हैं, वो प्रारंभिक बदलाव ही है. ये एआई मानव सामर्थ्य



को कई गुना बढ़ा रही है. पहले टेक्नोलॉजी का इंपैक्ट दिखने में दशकों लगते थे, लेकिन मशीन लर्निंग से लर्निंग मशीन का ट्रांसफार्मेशन तेज भी है, गहरा भी है. न्यूक्लियर पावर का विनाशकारी असर भी देखा है, सकारात्मक असर भी देखा है. दिशाहीन हुई तो डिसरप्शन और सही दिशा में आगे बढ़े तो सॉल्यूशन।

पीएम मोदी ने एआई इंपैक्ट लीडरशिप समिट 2026 में मानव विजन पेश किया है. एआई इंपैक्ट लीडरशिप समिट में उन्होंने आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस पर ये नया मंत्र दिया.कहा, एआई के लिए इंसान सिर्फ डेटा प्वाइंट न बना जाए. इंसान सिर्फ रॉ मैटेरियल तक सीमित नहीं रह जाए, इसलिए एआई को लोकतांत्रिक स्वरूप देना होगा. इसे समावेशी माध्यम बनाना होगा, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का. पीएम मोदी ने कहा, हमें आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस को खुला आसमान भी देना है और कमांड भी अपने हाथ में रखना है।

पीएम मोदी ने कहा, जैसे जीपीएस होता है, जीपीएस हमें रास्ता सुझाता है लेकिन हमें किस डायरेक्शन में जाना है इसकी फाइनल कॉल हमारी होती है, आज हम एआई को दिश दिशा में लेकर जाएंगे वैसा ही हमारा भविष्य तय होगा. आज न्यू डेल्ही एआई इंपैक्ट समिट में मैं एआई के लिए मानव विजन प्रस्तुत करता हूं. जब मैं मानव विजन कहता हूं तो इसमें M का मतलब है कि मोरल एंड एथिकल सिस्टम, यानी एआई एथिकल गाइडेंस पर आधारित, A का अर्थ है अकाउंटेबल गर्वनेंस यानी ट्रांसपरेंट रूल्स, एन का अर्थ है नेशनल सॉवरेनिटी जिसका डेटा उसका अधिकार, ए एक्सेसिबल एंड इन्क्लूसिव (सबकी पहुंच वाला) यानी एआई पर किसी का विशेषाधिकार नहीं होगा।

## अखिलेश यादव तैयार कर रहे गोपनीय लिस्ट इन नेताओं को किसी हाल में नहीं देंगे समाजवादी पार्टी की टिकट

लोक तंत्र की आवाज़

**लखनऊ।** आज का खास शो आज का यूपी राज्य की राजनीतिक सरगर्मी और सामाजिक बदलावों का सटीक विश्लेषण लेकर आता है. आज के अंक में हम राज्य की 2 बड़ी खबरों का गहराई से विश्लेषण करेंगे.

पहली खबर समाजवादी पार्टी से है जहां अखिलेश यादव 'गणेश परिक्रमा' करने वाले कार्यकर्ताओं का कच्चा चिट्ठा तैयार कर रहे हैं ताकि 2027 के लिए केवल जमीनी दिग्गजों को ही मौका मिले. दूसरी खबर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के लखनऊ दौरे से जुड़ी है, जिन्होंने यूजीसी बिल पर मचे घमासान के बीच बड़ा और संतुलित बयान दिया है।



**अखिलेश यादव का 'गणेश परिक्रमा' फिल्टर, 2027 के लिए डेटाबेस तैयार:** समाजवादी पार्टी के भीतर 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर एक नई और गोपनीय तैयारी चल रही है. अखिलेश यादव अब उन नेताओं और कार्यकर्ताओं की लिस्ट तैयार करवा रहे हैं जो अपना ज्यादातर समय पार्टी दफ्तरों के चक्कर काटने और केवल चेहरा चमकाने में बिताते हैं. पार्टी के पास अब एक पूरा डेटाबेस है, जिसमें फोटो और फोन नंबर के साथ यह जानकारी दर्ज है कि कौन सा कार्यकर्ता कितनी बार पार्टी दफ्तर आया और कितनी बार हाथ मिलाया।

इस रणनीति के पीछे का मकसद 'फील्ड बनाम ऑफिस' का अंतर साफ करना है. पार्टी चाहती है कि टिकट केवल उन्हीं को मिले जिनकी रिपोर्ट ग्राउंड लेवल पर मजबूत है. जो नेता सिर्फ 'गणेश परिक्रमा' कर रहे हैं, उन्हें इस डेटाबेस के जरिए फिल्टर आउट किया जाएगा. 2027 के लिए अखिलेश यादव का यह कदम सबका साथ से ज्यादा सबके काम और कमिटमेंट पर आधारित होने वाला है।

**यूजीसी बिल पर मोहन भागवत का बयान- कानून की मर्यादा और बदलाव की गुंजाइश:** लखनऊ प्रवास के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने यूजीसी बिल को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहे विरोध के बीच अपनी चुप्पी तोड़ी है. प्रबुद्ध जनों के साथ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि जो कानून है, उसे तो मानना ही पड़ेगा. हालांकि, उन्होंने एक महत्वपूर्ण लाइन और जोड़ी कि "अगर कानून गलत है, तो वह बदलेगा भी।

मोहन भागवत का यह बयान काफी संतुलित माना जा रहा है. सवर्ण समाज के भीतर यूजीसी बिल को लेकर जो नाराजगी थी और जिस तरह संघ की आलोचना हो रही थी भागवत ने उसे शांत करने की कोशिश की है. उन्होंने संदेश दिया कि विरोध केवल विरोध के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि कानून की विसंगतियों को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए।

## शरद पवार, हरिवंश, प्रियंका चतुर्वेदी...क्या इन दिग्गजों की फिर होगी वापसी?

**राज्यसभा चुनाव**

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** राज्यसभा की 37 सीटों पर मतदान होने वाला है. ये सभी सीटें 10 राज्यों की हैं, जहां के सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है. सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस चुनाव के बाद राज्यसभा की स्थिति कैसी रहेगी और इंडिया गठबंधन किस हालत में पहुंचेगा. सबसे अधिक 7 सीटें महाराष्ट्र से खाली हो रही हैं.

जिन नेताओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें शरद पवार जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं. इनके अलावा उनकी पार्टी की फौजिया खान, शिवसेना (उद्धव) की प्रियंका चतुर्वेदी और कांग्रेस की रजनी पाटिल का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।



लेकिन महाराष्ट्र से इस बार इंडिया गठबंधन को निराशा मिलने की आशंका है, क्योंकि विधायकों की संख्या के अनुसार वे सिर्फ एक ही सीट जीत सकते हैं. यह सीट शरद पवार की हो सकती है। शरद पवार ने पहले कहा था कि वे इस बार राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन अब खबरें हैं कि वे अपना मन बदल चुके हैं और राज्यसभा के लिए तैयार हैं. इंडिया गठबंधन को दूसरा झटका बिहार से मिलने वाला है. हाल के विधानसभा समीकरणों के बाद विपक्ष एकजुट रहा तो भी वे सिर्फ एक उम्मीदवार को जिता पाएंगे. यहां विपक्ष को दो सीटों का नुकसान होना तय है। इंडिया गठबंधन के लिए राहत की बात यह है कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से उन्हें अधिकतम सीटें मिलेंगी।

तमिलनाडु की 6 में से 4 सीटें डीएमके को जाएंगीपश्चिम बंगाल की 5 में से 4 सीटें तृणमूल कांग्रेस को मिलेंगीतेलंगाना की दोनों सीटें कांग्रेस के पास रहेंगी.छत्तीसगढ़ और हरियाणा की एक-एक सीट और हिमाचल प्रदेश की एकलौती सीट भी कांग्रेस को मिलने की संभावना है।

**क्या इन दिग्गजों की होगी वापसी?**

जिन बड़े नेताओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें शामिल हैं शरद पवार, उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, अभिषेक मनु सिंघवी, कनिमोझी, किरण चौधरी, प्रियंका चतुर्वेदी, के.टी.एस. तुलसी और साकेत गोखले. अब देखना यह है कि इनमें से कितने वापस राज्यसभा पहुंचते हैं. हालांकि इस बार सबसे चर्चित नया नाम बीजेपी अध्यक्ष नीतिन नवीन का होगा।

**राज्यसभा का अभी क्या है गणित?:** अभी राज्यसभा की स्थिति यह है कि 245 सदस्यीय सदन में विपक्ष के पास 79 सांसद हैं. कांग्रेस 27, टीएमसी 12, डीएमके 10, आरजेडी 5, समाजवादी पार्टी और सीपीएम के 4–4, और अन्य विपक्षी दलों के बाकी सदस्य। मौजूदा हालात में इंडिया गठबंधन के अधिकतम 14 उम्मीदवार जीत सकते हैं. मौजूदा राज्यसभा में बीजेपी के 103 सदस्य हैं और सरकार के पास कुल 133 सांसदों का समर्थन है. महाराष्ट्र और बिहार की सीटों पर बढ़त मिलने के बाद यह आंकड़ा और बढ़ सकता है. आने वाले समय में बीजेपी अपने बूते पर ही बहुमत के और करीब पहुंच जाएगी।

## रमज़ान के पाक महीने नहीं होगी अतिक्रमण पर कार्रवाई!, वक्फ बोर्ड ने CM को भेजा प्रस्ताव

लोक तंत्र की आवाज़

**हरिद्वार।** रमज़ान का पाक महीना शुरू होते ही वक़्फ़ बोर्ड ने धार्मिक और शैक्षणिक गतिविधियों के संतुलन को लेकर अहम अपील की है।इसके साथ ही इस महीने अवैध अतिक्रमणों पर किसी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने का प्रस्ताव रखा है।

**रमज़ान के दौरान लाउडस्पीकर की आवाज़ कम रखने की अपील:** वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने बताया कि रमज़ान के दौरान जहां इबादत का विशेष महत्व होता है, वहीं इस समय बोर्ड की परीक्षाएं भी चल रही हैं। ऐसे में नमाज़ अदा करते समय लाउडस्पीकर की आवाज़ सीमित रखने का अनुरोध किया गया है, ताकि



छात्रों और आम लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो और इबादत भी सुकून के साथ संपन्न हो सके।

**रमज़ान के महीने नहीं होगी अतिक्रमण पर कार्रवाई:** शादाब शम्स ने यह भी बताया कि रमज़ान के एक महीने के दौरान अवैध अतिक्रमणों पर किसी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने का प्रस्ताव वक़्फ़ बोर्ड की ओर से मुख्यमंत्री धामी के समक्ष रखा गया है। अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री धामी ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। इसके चलते ईद तक वक़्फ़ बोर्ड की ओर से किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है उद्देश्य: शम्स:** शादाब शम्स ने स्पष्ट किया कि इस फैसले का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है, ताकि रमज़ान और ईद जैसे पवित्र अवसरों पर किसी तरह का विवाद न हो और कोई भी विपक्षी दल इन संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति न कर सके। वक़्फ़ बोर्ड ने सभी संबंधित पक्षों से सहयोग और संयम बनाए रखने की अपील की है, ताकि माहौल शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहे।

## तमिलनाडु में चुनाव से पहले BJP की सहयोगी पार्टी को झटका, पाला बदलकर दिया DMK का साथ

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** तमिलनाडु की सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) ने अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम (DMDK) के साथ गठबंधन कर लिया है। गठबंधन का यह फैसला विपक्षी खेमे में सेंध लगाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

**स्टालिन की पार्टी ने DMDK का गठबंधन:** DMDK प्रमुख प्रेमलता विजयकांत ने गुरुवार सुबह चेन्नई स्थित मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के तुरंत बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर गठबंधन की



आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने स्टालिन के साथ ली गई फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'आइए हम गवर्नेंस के द्रविड़ मॉडल को जारी रखने और तमिलनाडु को हर तरह से प्रोग्रेस करने के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ें!' प्रेमलता ने आगे कहा, 'हमें यकीन है कि हमारा अलायंस 200 से ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने साफ किया कि सीट बंटवारे का फॉर्मूला बाद में घोषित किया जाएगा।'

**स्टालिन ने किया स्वागत:** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने DMDK का स्वागत किया। उन्होंने पार्टी के संस्थापक 'कैप्टन' विजयकांत को श्रद्धांजलि भी दी। प्रेमलता विजयकांत ने अपने दिवंगत पति का जिक्र करते हुए कहा, 'हमारे कैडर भी यही चाहते थे। यह तब बन जाना चाहिए था जब कैप्टन विजयकांत जिंदा थे। यह गठबंधन DMK के लिए बड़ी रणनीतिक जीत साबित हो सकता है क्योंकि DMDK पिछले 15 साल से AIADMK के साथ जुड़ी हुई थी। मध्य तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली, पुदुक्कोट्टई, विरुधाचलम, ऋषिवंदियम, कल्लाकुरिची और उलुंदुरपेट जैसे इलाकों में DMDK का मजबूत जनाधार है। 2011 में पार्टी ने 29 सीटें और 7.9 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, लेकिन 2016 और 2021 में उसे एक भी सीट नहीं मिली।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर व्यापक चर्चा और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा जरूरी : सैलजा

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर देश में उठ रही चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते का मूल उद्देश्य देशहित, किसान-हित, ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल स्वायत्तता की रक्षा होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार समझौते आर्थिक प्रगति के साधन होते हैं, किंतु वे राष्ट्रीय संप्रभुता या जनहित से समझौते की कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकते। मीडिया को जारी एक बयान



में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि समझौते के विभिन्न प्रावधानों को देखते हुए किसानों, कृषि बाजार, ऊर्जा आयात व्यवस्था तथा डेटा सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आए हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि देश के सामने पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्यों को रखा जाए ताकि किसानों, उद्योगों और आम नागरिकों में किसी प्रकार की आशंका न रहे। उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि बड़े पैमाने पर शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी जाती है, तो इसका प्रभाव देश के मक्का, ज्वार, सोयाबीन तथा कपास उत्पादक किसानों पर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि घरेलू किसानों की आय और बाजार संरक्षण के लिए क्या ठोस सुरक्षा उपाय किए गए हैं। ऊर्जा सुरक्षा के विषय में कुमारी सैलजा ने कहा कि भारत जैसे बड़े ऊर्जा-आयातक देश के लिए कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता बनाए रखना रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता से पहले देश की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों, मूल्य स्थिरता और रणनीतिक स्वायत्तता का व्यापक आकलन सार्वजनिक किया जाए। डिजिटल क्षेत्र और डेटा प्राइवेसी पर उठ रहे सवालों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल संप्रभुता और नागरिकों की निजता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि व्यापार समझौते में इस क्षेत्र से जुड़े प्रावधान हैं तो उन्हें संसद और जनता के सामने स्पष्ट किया जाए।

# संक्षिप्त खबरें ।

## कन्या मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र के सामने चापाकल खराब, सैकड़ो परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को हो रही परेशानी



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित कन्या मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र के पास लगा सरकारी चापाकल पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है जिससे मैट्रिक की परीक्षा देने आए सैकड़ो परीक्षार्थी एवं उनके अभिभावक प्यास से बेहाल है। बिहार में बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बीच पानी की यह समस्या लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। हैरानी की बात यह है कि जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचडी) के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस व्यवस्था की सुध तक नहीं है। दर्जनों अभिभावको का कहना है की परीक्षा केंद्र के ठीक सामने चापाकल खराब होने के कारण उन्हें पानी के लिए निजी दुकानों या दूर दराज के स्थान पर भटकना पड़ रहा है विभाग की लापरवाही का आलम यह है, कि इस संबंध में जानकारी लेने के लिए कनीय अभियंता (जेई) को फोन किया गया तो उन्होंने कॉल उठाना भी मुनासिब नहीं समझा अब सवाल यह है की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की इस मूलभूत समस्या का समाधान कब होगा।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय केंदुआ में विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन



प्रदीप प्रसाद संवाददाता

**सिरदला नवादा।** उच्च माध्यमिक विद्यालय केंदुआ परिसर में विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में केंदुआ कॉम्प्लेक्स सेंटर अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षा समिति के सदस्य एवं संबंधित समन्वयकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय विकास योजना, छात्र उपस्थिति, आधारभूत संरचना, वित्तीय पारदर्शिता एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। समन्वयक गुलाबचंद दास एवं संचालक भुनेश्वर कुमार ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। मध्य विद्यालय ऊपरडीह के प्रधानाध्यापक विजय कुमार, शाहपुर के विजय कुमार, विलरपुर के सूचित कुमार, मंडल की धर्मशिला कुमारी, भाटविघा के मुर्तजा हसन, बलुआही के कृष्णनंदन कुमार सहित कई शिक्षा समिति सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षक सफीक उद्दीन, गौतम कुमार एवं बबीता पांडे ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया। अतिथि आरपी सुरेश प्रसाद तथा मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजनन्दन प्रसाद सिंह ने पारदर्शी एवं जवाबदेह विद्यालय प्रबंधन पर बल देते हुए प्रशिक्षण को उपयोगी बताया।

# सीयूएसबी में भीख में संलग्न बच्चों के लिए विशेष सेवाएँ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** भीख मांगने में बच्चों का संलिप्त होना देश में एक बड़ी समस्या है जिसका नीति निर्माताओं के साथ - साथ गैर सरकारी संगठन तथा उच्च शैक्षणिक संस्थान समाधान ढूढ़ने की कोशिश करते रहते हैं इसी कड़ी में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के सामाजिक अध्ययन विभाग द्वारा 18झ्र 19 फरवरी, 2026 को ''भीख में संलग्न बच्चों के लिए विशेष सेवाएँ'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान एवं नीति संकाय के डीन प्रो. प्रणव कुमार ने की है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक पलासिया, आयुक्त, गया नगर निगम ने भीख से जुड़ी तीन प्रमुख बातों पर चर्चा की जो क्रमशः भीख का शहरी परिघटना होना, लोगों में संवेदनशीलता की कमी, तथा इसका मुख्य कारण आर्थिक समस्या होना, जिसके लिए राज्य स्तर पर आर्थिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भिखारियों के प्रति लोगों की संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है और ''विकसित भारत'' व ''विकसित बिहार'' की परिकल्पना को साकार करने के लिए इस मुद्दे पर गंभीरता जरूरी है। विशिष्ट अतिथि एनआईएसडी के श्री संजय पवार ने स्माइल योजना के अंतर्गत ट्रांसजेंडर कल्याण तथा भीख में संलग्न व्यक्तियों के पुनर्वास पर प्रकाश डाला है। उन्होंने जोर दिया कि भिखारियों की पहचान कर उनका पुनर्वास करना देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामाजिक विज्ञान एवं नीति संकाय के डीन प्रो. प्रणव कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में 'सामाजिक रक्षा' को एक समकालीन अवधारणा के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि सामाजिक कार्य को नीति निर्माण से अधिक 'कार्य करने' पर केंद्रित होना चाहिए। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इससे पहले कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात प्रो. विजय शर्मा, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र ने अपने स्वागत भाषण में विस्तार से बताया कि भीख की समस्या एक व्यवस्थित विफलता का परिणाम है। डॉ. हरेश नारायण पांडेय ने विषय की भूमिका प्रस्तुत करते हुए इस तथ्य पर जोर दिया कि भीख कोई व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि विभिन्न प्रकार के शोषण से उत्पन्न एक प्रणालीगत समस्या है। विषय प्रस्तुति के बाद ''पोइगनेंट स्टोरी ऑफ बेगिंग'' शीर्षक से 10 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें देशभर में भीख में संलग्न बच्चों की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। इसके पश्चात श्री संजय पवार ने भीख विषय पर दो सत्र लिए– पहला, भीख में संलग्न बच्चों से संबंधित संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों पर, और दूसरा, पुनर्वास हेतु विभिन्न विभागों के साथ अनुसरण है। नालंदा, बिहार में कार्यरत एनजीओ 'शांति कुटीर' के निदेशक श्री राम किशोर प्रसाद सिंह ने अपने एनजीओ में भिखारियों के पुनर्वास की कहानी साझा की, जिसमें उनकी दैनिक गतिविधियों, कौशल विकास तथा एनआईएसडी, नई दिल्ली के सहयोग से किए जा रहे कार्य शामिल थे। इसके संसाधन व्यक्ति डॉ. रवेंद्र सिंह जादौन ने जेजे एक्ट और पॉक्सो एक्ट पर चर्चा करते हुए दंडात्मक के बजाय पुनर्वासात्मक दृष्टिकोण और प्रक्रिया के महत्व पर जोर दिया है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पारिजात प्रधान द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद राष्ट्रगान गायन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ है।

# रमजान का पवित्र महीना इबादत, संयम, त्याग औरजरूरतमंदों की सहायता करने का है : मनीष पकंज मिश्रा



लोकतंत्र की आवाज

> ● रमजान का महीना सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का अवसर है: राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर

**गया जी।** महान पवित्र महिना गुरुवार से प्रारंभ हो रहे पवित्र रमजान माह के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने अल्पसंख्यक परिवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इबादत, संयम, त्याग और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। यह माह हमें मानवता, सेवा, परोपकार और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। रमजान केवल रोज़ा रखने का ही नहीं, बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और समाज के प्रति दायित्व निभाने का भी महीना है। यह समय जरूरतमंदों की सहायता करने और समाज में सौहार्द व सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र महीना सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की झोली भर दे।इस अबसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और सभी धर्मों के पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश देते हैं। रमजान का महीना सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस पवित्र अवसर पर आपसी सद्भाव बनाए रखें और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें एबं देश एवं प्रदेश की सुख-शांति, प्रगति और समृद्धि की कामना करते हुए समस्त मुस्लिम समुदाय को रमजान मुबारक की शुभकामनाएं दीं है। बधाई और शुभकामना देने वालों में राणा रणजीत सिंह विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग संतोष ठाकुर गोपाल प्रसाद यादव महेश यादव मंटू कुमार डॉक्टर अशोक सुनील कुमार मिश्रा वेदव्यास पांडे संतोष कुमार सुधीर कुमार सुनील मिश्रा दीपक पांडे आकाश कुमार सहित अन्य।

# थरथरी में बिजली चोरी के खिलाफ सघन छापेमारी, सात लोग पकड़े गए

लोक तंत्र की आवाज

**थरथरी।** थरथरी थाना क्षेत्र के अमेरा रूपसपुर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ गुरुवार को सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई कनीय विद्युत अभियंता (जेई) संकेत कुमार के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान मीटर से छेड़छाड़ कर बाईपास के माध्यम से अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करते हुए सात लोगों को रंगे हाथों पकड़ा गया।जांच के उपरांत दोषियों पर कुल 1,54,995 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जिन लोगो पर जुर्माना लगाया गया उसमे सुशील प्रसाद पर 28,215,योगेन्द्र प्रसाद पर 24,299,विपत गोप 22,981,किशोर यादव 8,054,श्री यादव 7,928, रविन्द्र यादव40,119 एवमरामप्रवेश प्रसाद 23,399 शामिल है ।जेई संकेत कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई मानव बल की टीम के सहयोग से की गई। जांच में पाया गया कि कई उपभोक्ता जानबूझकर मीटर से छेड़छाड़ कर नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। सभी दोषियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया है।प्रभारी थानाध्यक्ष वलिन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस मामले में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।छापेमारी अभियान में मानव बल के रूप में राकेश कुमार, मुकेश कुमार, गोपाल कुमार, अमृता सिन्हा, सुजीत चौधरी एवं चंदन कुमार शर्मा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# वारिसलीगंज : चीनी मिल की स्थापना के लिए सरकारी भूमि का निरीक्षण शुरू,किसानों में खुशी का महौल

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** राज्य सरकार के निर्देश के बाद विभिन्न जिलों में चीनी मिल स्थापना को लेकर अधिकारियों द्वारा सरकारी भूमि निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एडीएम तथा डीसीएलआर गौरव शंकर ने स्थानीय अंचल अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र के तीन स्थानों पर सरकारी भूमि का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मकनपुर गांव के पश्चिमी से गुजरी पौरा पूर्वी नहर से पश्चिमी मनीगढ़ खनधा, माफी गांव से पश्चिम तथा नारोमुरार गांव से पूरब मरलाही नदी खनधा एवं ठेरा पंचायत की महेशपुर खनधा स्थित सरकारी भूमि का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद उक्त भूमि का खाता खेसरा एवं नज़रिए नक्शा जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जहां से सरकार को भेज कर चीनी मिल स्थापित करने की दिशा में आगे का कार्य होगा। चीनी मिल के लिए भूमि निरीक्षण से क्षेत्र के किसानों में हर्ष देखी जा रही है। किसानों का मानना है कि मिल की स्थापना से किसान मजदूर के साथ क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को काम मिल सकेगा। एक बार फिर वारिसलीगंज में चीनी की सौंधी खुशबू फैलेगी। मौके पर क्षेत्र के कई युवा राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित होकर अधिकारियों को सहयोग किया।

# सदन में गूंजा रजौली क्षेत्र में पीएम आवास फर्जीवाड़ा, विधायक विमल राजवंशी ने मांगी उच्चस्तरीय जांच

लोकतंत्र की आवाज




राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** रजौली विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कथित प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताओं का मामला सदन में जोरदार ढंग से उठाया गया। विमल राजवंशी ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आरोप लगाया कि रजौली विधानसभा के जंगली क्षेत्र में फर्जी कागजात तैयार कर अन्य राज्यों के लोगों को अवैध रूप से योजना का लाभ दिया गया है। विधायक ने कहा कि वन विभाग की भूमि पर अवैध निर्माण कर सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया। बाहरी व्यक्तियों को स्थानीय निवासी दर्शाकर आवास स्वीकृत किए गए, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने आशंका जताई कि इस पूरे प्रकरण में बिचौलियों और संबंधित कर्मियों की मिलीभगत रही है, जिससे सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय दैनिक अखबारों में मामला कई बार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मीडिया में लगातार खबरें आने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे हैं, इससे और घोर चिंता का विषय बना हुआ है। विमल राजवंशी ने सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, वन विभाग तथा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। सदन में मुद्दा उठने के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

# राजगीर : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया ग्लास ब्रिज, नेचर सफारी एवं जू सफारी परिसर का भ्रमण

लोक तंत्र की आवाज



**राजगीर।** राजगीर की सुरम्य वादियों और हरित आंचल को उस समय विशेष गौरव प्राप्त हुआ जब केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने जू सफारी, नेचर सफारी स्थित ग्लास ब्रिज परिसर का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने राजगीर की हरी-भरी प्राकृतिक छटा, सुव्यवस्थित पर्यटन अवसंरचना तथा जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजगीर प्रकृति प्रेमियों और आध्यात्मिक यात्रियों दोनों के लिए एक उत्कृष्ट गंतव्य है।उन्होंने विशेष रूप से राजगीर सफारी प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे यहाँ अत्यंत प्रभावी ढंग से संपादित किया जा रहा है। यह पहल न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है, बल्कि पर्यावरण जागरूकता को भी नई दिशा दे रही है।भ्रमण के क्रम में मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, इको टूरिज्म गतिविधियों, पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों तथा आधुनिक पर्यटक प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर राम सुन्दर एम निदेशक, जू सफारी, राजगीर उनके साथ रहकर जू एवं नेचर सफारी परिसर की संचालन व्यवस्था, संरक्षण रणनीतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# बिहारशरीफ : रोटरी क्लब बिहारशरीफ का 47वाँ अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न, नए अध्यक्ष-सचिव ने संभाला पदभार

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** शहर के होटल ममता इंटरनेशनल में मंगलवार को रोटरी क्लब बिहार शरीफ का 47वाँ अधिष्ठापन समारोह एवं आधिकारिक डीजी विजिट उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मण्डलाध्यक्ष रो. नम्रता मुख्य अतिथि रहीं, जबकि रो. डॉ. बिंदु सिंह, रो. डॉ. अजय कुमार, रो. डॉ. सुनील कुमार एवं जोन-10 के सहायक गवर्नर रो. डॉ. अजीत कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।समारोह में रो. डॉ. आशुतोष कुमार ने अध्यक्ष तथा रो. अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ प्रमोद जी ने सचिव पद की शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नूरसराय स्थित रेडिएंट वर्ल्ड स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।मण्डलाध्यक्ष नम्रता ने क्लब को छोटे-बड़े सभी प्रोजेक्ट निरंतर चलाने, सदस्यता बढ़ाने और फाउंडेशन में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के सहयोग से ही डायलिसिस सेंटर जैसे स्थायी प्रोजेक्ट संभव हो पाए हैं। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीडीजी रो. बिंदु सिंह ने प्रोजेक्ट्स के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए पोलियो उन्मूलन में रोटरी के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।डीजीएनडी रो. डॉ. अजय कुमार ने अन्य क्लबों से भी स्थायी सेवा प्रोजेक्ट शुरू करने का आह्वान किया, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग को लाभ मिल सके। धन्यवाद ज्ञापन धीरज कुमार ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब नालंदा, नवादा, राजगीर, शेखपुरा, नवादा राजश्री, बिहारशरीफ तथागत सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

# बगीचे में युवक का संदिग्ध शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के उतरनामा गांव में गुरुवार सुबह एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी राजकुमार प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार दिलीप बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चला। गुरुवार सुबह गांव के एक बगीचे में उनका शव बरामद हुआ।परिजनों ने साजिश के तहत हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दिलीप एक मुर्गी प्लांट में मिट्टी और बालू ढुलाई का काम करता था और वहीं करंट लगाकर उसकी हत्या की गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जयसवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हरदोई : चोरी के मामले में लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी-कॉन्स्टेबल सस्पेंड

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।

**हरदोई।** शहर में नगर विभाग के प्रशासनिक अधिकारी के बंद मकान से हुई लाखों की चोरी के मामले में एसपी ने गश्त में लापरवाही बरतने पर जेल चौकी प्रभारी व एक सिपाही को निलंबित कर दिया है। प्रकरण में एसपी ने विभागीय जांच शुरू कर दी है। शहर के मुहल्ला आजादनगर के रहने वाले नहर विभाग के प्रशासनिक अधिकारी सुनील जौहरी मंगलवार को मकान बंद कर परिवार के साथ शाहजहांपुर में साढ़ू के बेटे की वरीक्षा में शामिल होने गए थे। उसी रात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया था। ताला तोड़कर घर में घुसे चोर अलमारी व बक्से से नकदी समेत 50 लाख के जेवर चोरी कर ले गए। करीब 30 मिनट तक चोर घर के अंदर रहे।चोरों की तस्वीर सीसी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस बुधवार को पूरा दिन मुहल्ले की गलियों के सीसी कैमरे खंगालती रही। रेकी कर चोरी किए जाने की चर्चाएं हो रहीं हैं। वहीं चोरी के मामले को एसपी अशोक कुमार मीणा ने संज्ञान लिया।सीओ सिटी से मामले की जांच कराई। जांच में चौकी क्षेत्र में प्रभावी गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग न कर ड्यूटी में लापरवाही व शिथिलता पाई गई थी। सीओ की रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने जेल चौकी प्रभारी विनोद गोस्वामी व सिपाही मो.रहीश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।एसपी ने विभागीय जांच शुरू करा दी है। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति उदासीनता न बरते,अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम की अनूठी पहल: प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनाएंगे 'गोमय गुलाल' से होली

साजिद सलमानी



**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला ने इस वर्ष होली के पर्व को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। गौशाला में गाय के गोबर और प्राकृतिक तत्वों के मिश्रण से पांच आकर्षक रंगों भगवा, पीला, गुलाबी, हरा और लाल में 'गोमय गुलाल' तैयार किया गया है। यह गुलाल न केवल पूरी तरह केमिकल मुक्त और त्वचा के लिए सुरक्षित है, बल्कि 'बायो-डिग्रेडेबल' होने के कारण प्रकृति के भी अनुकूल है। इस पहल की महत्ता को देखते हुए, यह विशेष गुलाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश की प्रमुख हस्तियों को भेजा जा रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि के नेतृत्व में शुरू की गई यह परियोजना गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने और 'वेस्ट टू वेल्थ' के सिद्धांत को धरातल पर उतारने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध यह गुलाल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ श्रद्धा और स्वच्छता के संगम का प्रतीक बन गया है।

### सहारनपुर : किसान दिवस में डीएम सख्त, बोले- शिकायतें टालें नहीं, समय पर निपटाएं

साजिद सलमानी

**सहारनपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों से जुड़ी हर शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। किसान दिवस में उपस्थित किसानों ने शुगर मिलों से भुगतान, उर्वरक व कीटनाशक की उपलब्धता, अवैध कब्जों, सड़क व मुआवजे से संबंधित समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए कि सभी मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर शीघ्र समाधान कराया जाए। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री को शत-प्रतिशत कराया जाए और किसानों को इसके लाभों की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाए। बैठक में किसान संजय सैनी (मुबारकपुर) ने जिले में मधुमक्खी पालन की व्यापक संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे किसान अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक संदीप पाल ने जानकारी दी कि जनपद में जायद उड़द, मूंग तथा गन्ना अंत:फसली बुवाई के लिए किसानों को नि:शुल्क बीज मिनीकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही जिले में चार थ्रेसिंग फ्लोर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो विकासखंड सढ़ौली कदीम, नागल, बलियाखेड़ी एवं नकुड़ में बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि थ्रेसिंग फ्लोर की ऑनलाइन बुकिंग कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर एक सप्ताह के भीतर की जा सकती है। साथ ही किसानों से अपील की गई कि गेहूं बिक्री के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण या नवीनीकरण अवश्य करा लें। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार, एआर कोऑपरेटिव रविशंकर, एलडीएम, जिला परियोजना अधिकारी डॉ. कर्मवीर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहें।

# मेरठ : पुलिस पर लगा सर्राफा व्यापारी का सोना हड़पने का आरोप

## एसएसपी ऑफिस पहुंचे व्यापारियों ने लगाया आरोप पुलिस ने चोरों के साथ मिलकर हड़प लिया सोना

### उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर खड़े किए सवाल, व्यापारियों ने शिकायत दर्ज करा कर रखी निष्पक्ष जांच की मांग

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता गौहर अनवार



**मेरठ।** सर्राफा व्यापारी के यहां हुई करीब दो किलो सोना चोरी की वारदात के मामले में गुरुवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे व्यापारियों ने थाना टीपी नगर पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते हैं, तो पीड़ित व्यापारी अजय जैन तो हिन्दू ही हैं, प्रधानमंत्री उन्हें ही इंसाफ दिला दें। जिन्होंने आरोप लगाया है कि थाना टीपी नगर पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों के साथ मिली भगत कर व्यापारी को नकली सोना बरामद करा दिया। उन्होंने इसे चोरों के द्वारा चोरी और पुलिस के द्वारा डकैती बताते हुए मामले की शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग करी है। पीड़ित सर्राफा व्यापारी अजय जैन व अन्य व्यापारियों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे सपा प्रवक्ता सन्नी गुप्ता ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी मंडी कहे जाने वाली सराफा मार्केट के व्यापारी अजय जैन के यहां से दो साल पहले करीब दो किलो सोना चोरी हुआ था। जिसके जीएसटी बिल पीड़ित व्यापारी के पास मौजूद हैं, उन्होंने कहा कि इस मामले को दो साल हो गए इस दौरान अजय जैन ने कई बार थाना पुलिस के अलावा एसएसपी ऑफिस पर भी शिकायत की है, लेकिन वह आज तक इंसाफ के लिए दर दर भटकने पर मजबूर हैं, जिनकी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोना बरामद किया था। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के साथ मिलकर असली सोना हड़प लिया और नकली सोना बरामद दिखा दिया। जिसके सारे सबूत मौजूद हैं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस के द्वारा बरामद किया गया जो सोना अदालत में जमा है, वह नकली सोना है।सन्नी गुप्ता ने कहा कि सर्राफा व्यापारी जोकि उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की रीड कहलाता है, जब उन्हें इंसाफ नहीं मिल रहा तो आम आदमी का क्या होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ज़ीरो टॉलरेंस नीति की बात करते हैं, उन्हीं की सरकार में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस के द्वारा यह सब कुछ किया गया फिर भी पीड़ित व्यापारी को इंसाफ नहीं मिला। बल्कि वह दो साल से अपना सोना पाने के लिए चक्कर काट रहा है, और उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## पीएम मेरठ आगमन, शहर में तीन किलोमीटर में बनेंगे दस हेलीपैड



लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता गौहर अनवार

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए 64 फीट लंबा, 32 फीट चौड़ा और आठ फीट ऊंचा मंच तैयार हो गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्रियों सहित कई वीआईपी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री देश की पहली 'नमो भारत' ट्रेन और सबसे आधुनिक मेट्रो का शुभारंभ भी करेंगे। जनसभा में लगभग एक लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसके लिए शहर में 10 हेलीपेड बनाए गए हैं। रैली स्थल के पास प्रोटोकॉल के अनुसार प्रधानमंत्री के तीन मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए एक-एक हेलीपैड बनाया गया। जबकि तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शताब्दी नगर मेट्रो स्टेशन से बेगमपुल जाने के लिए मेट्रो में सवार होंगे। इसके लिए शताब्दी नगर में भी पांच हेलीपेड बनाए गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति भाजपा के लिए महत्वपूर्ण होगी। इसे बूथ स्तर तक की सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में इस आयोजन को 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 फरवरी को मेरठ पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक शलभगोयल सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों और हेलीपैड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक व जिला स्तरीय अधिकारियों के अवकाश और मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने शताब्दी नगर स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में बैठकर मेरठ साउथ स्टेशन तक की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। सुरक्षा के मद्देनजर, एसएसपी के निर्देश पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल के आसपास रहने वाले लोगों का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है।

# वाराणसी : विगत 20 दिनों में योगी के कालनेमि होने के ही मिले हैं संकेत

लोक तंत्र की आवाज



**स्थान: श्रीविद्यामठ, केदारघाट, वाराणसी :** वाराणसी स्वयं को 'असली हिन्दू' सिद्ध करने हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिए गए ४० दिनों के अल्टीमेटम के २० दिन कल ही पूर्ण हो चुके हैं। पर इस समय में आदित्यनाथ ने अभी तक अपने हिन्दू होने के कोई संकेत नहीं दिये हैं अपितु कालनेमि होने के ही संकेत मिले हां। अतः आज २१वें दिन 'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '१००८' ने योगी आदित्यनाथ की गोरक्षा के विषय पर रहस्यमयी चुप्पी और दूसरे विषयों पर मुखरता को रेखांकित करते हुये गोवंश की दुर्दशा पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। पूज्य महाराजश्री ने स्पष्ट घोषणा की है कि आज २१वें दिन से यह संघर्ष एक नए और निर्णायक मोड़ पर प्रवेश कर चुका है।

**समस्त संतों विद्वानों का है आह्वान:** जनमानस का यह स्पष्ट मत है कि किसी भी विरक्त व्यक्ति अथवा महंत को किसी धर्मनिरपेक्ष पद पर पूर्णकालिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह सन्यास की मर्यादा के प्रतिकूल है। विशेष रूप से, गेरुआ वस्त्र धारण करने वाले किसी भी योगी या संन्यासी के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मांस व्यापार जैसी गतिविधियों में संलिप्त होना सर्वथा अनुचित और अधार्मिक है।

अतः हम समस्त अखाड़ों, महामंडलेश्वरों और महंतों का यह आह्वान करते हैं कि वे आगे आएं और शास्त्र सम्मत तर्कों के साथ इन कृत्यों की व्याख्या करें। यदि ये कृत्य शास्त्र सम्मत सिद्ध नहीं किए जा सकते, तो योगी आदित्यनाथ के इन कार्यों को ढोंग की श्रेणी में क्यों न रखा जाए? अब समय आ गया है कि संत समाज इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे।

**सिनेमा से नहीं, संकल्प से होगी गोरक्षा:** महाराजश्री ने कहा कि इन २० दिनों की प्रतीक्षा में सरकार ने 'गोदान' फिल्म को टैक्स-फ्री करने जैसा प्रतीकात्मक कार्य तो किया, लेकिन हमारी मुख्य मांगों– 'गाय को राज्य माता घोषित करने' और 'गो-मांस (बीफ)निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध'– पर मौन साधे रखा। मनोरंजन को कर-मुक्त करने से कत्लखानों में कटती गोमाता की रक्षा नहीं होगी। सरकार का प्रथम कर्तव्य गोमाता को संवैधानिक सम्मान देना था, न कि पर्दे पर समाधान खोजना। कड़ों का कड़वा सच: उत्तर प्रदेश में घटी गोमाता, बंगाल में बढ़ी,योगी अपने कुछ लोगों से कहलवा रहे कि शंकराचार्यजी बंगाल क्यों नहीं जा रहे जहां बडे पैमाने पर गोहत्या हो रही है। इस पर परमाराध्य ने भारत सरकार की '२०वीं पशुगणना' का हवाला देते हुए कहा कि सचाई प्रचार के इतर कुछ और ही है। सचाई यह है कि पश्चिम बंगाल में गोवंश की संख्या में १५.१८% की वृद्धि हुई है, वहीं स्वयं को गो-संरक्षक बताने वाली उत्तर प्रदेश सरकार के शासन में गोवंश ३.९३% घट गया है। उत्तर प्रदेश की 'गंगातीरी', 'केनकथा', 'खैरगढ़' और 'मेवाती' जैसी शुद्ध देशी नस्लें आज विलुप्ति की कगार पर हैं। आंकड़े चिल्ला रहे हैं कि जहाँ 'धर्म' का दिखावा है, वहां 'धर्म का प्रतीक' (गोमाता) कम हो रही है।जो कि योगी के ढोंगी हिन्दू या कालनेमि होने के संकेत हैं।

महाराजश्री ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आदित्यनाथ जी 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की आड़ में उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा मांस निर्यातक राज्य बना चुके है। भारत के कुल मांस निर्यात में प्रदेश की हिस्सेदारी ४३% से अधिक है। साफ है कि योगी बाबा गोमाता के सम्मान से ऊपर मांस व्यापार से मिलने वाले 'राजस्व' को रखते हैं।

**सत्ता का विरोधाभास: धर्मपीठ पर मुखर, गोरक्षा पर मौन:** मुख्यमंत्री के आचरण पर क्षोभ व्यक्त करते हुए महाराजश्री ने कहा– ₹यह आश्चर्यजनक है कि मुख्यमंत्री गोरक्षा पर तो 'मौन' हैं, लेकिन हमारे 'शंकराचार्य' होने के शास्त्रसम्मत सत्य पर 'मुखर' होकर सदन में पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। धर्मपीठ की प्रामाणिकता किसी राजकीय प्रमाण-पत्र की मोहताज नहीं है। म आदित्यनाथ जी से कहना चाहेंगे कि सदन में दूसरों पर प्रश्नचिह्न लगाने के बजाय स्वयं के हिन्दू होने पर बोलने के शब्द जुटाना शुरू करें।

## नदराना में फिर खून से लाल हुई धरती, नीलगाय का शिकार कर मांस ले गए शिकारी, दूसरी घटना से इलाके में सनसनी

लोकतंत्र की आवाज़

साजिद सलमानी



**सहारनपुर।** कस्बा बेहट थाना क्षेत्र के नदराना गांव में वन्य जीव के शिकार की एक और सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात शिकारियों ने नीलगाय को गोली मारकर घायल करने के बाद उसके शरीर से मांस निकाल लिया। मौके पर पड़े अवशेष पूरे प्रकरण की गवाही दे रहे हैं। स्थानीय लोगों की सूचना पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियो ने बताया कि घटना की जानकारी तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है और दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने आशंका जताई कि पहले नीलगाय को गोली मारी गई, इसके बाद उसे काटकर मांस ले जाया गया। यह घटना क्षेत्र में दूसरी बार सामने आई है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। घटना को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त रहा। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वन्य जीव हत्या में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद कार्यकर्ता शांत हुए। उधर, वन विभाग और पुलिस की सतर्कता के बावजूद लगातार हो रही घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में दूसरी बार वन्य जीव शिकार की घटना सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन भी सक्रिय हो गया है और शिकारियों की तलाश तेज कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। फिलहाल वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

## विशाल जिला उपाध्यक्ष व विनीत जिला सचिव मनोनीत



लोकतंत्र की आवाज

**मेरठ,** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने भारतीय किसान सेना जिलाध्यक्ष अमित चौहान की संस्तुति पर दौराला निवासी विशाल कुमार को भारतीय किसान सेना का जिला उपाध्यक्ष व विनीत को जिला सचिव मनोनीत किया। इस अवसर पर छीपी टैंक स्थित शिवसेना कार्यालय में प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने भारतीय किसान सेना के दोनों पदाधिकारियों को शिवसेना पहचान पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दी।

## सीसीटीवी की नजर में बोर्ड परीक्षा, डीएम-एसएसपी का औचक निरीक्षण, केंद्रों पर सख्ती के साथ व्यवस्थाओं का लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज़

साजिद सलमानी



**सहारनपुर।** जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने मंगलवार को कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएचएस इंटर कॉलेज तथा कर्मचंद चंडी प्रसाद आर्य कन्या इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों पर पहुंचकर अधिकारियों ने परीक्षा की व्यवस्थाओं को परखा। डीएम व एसएसपी ने परीक्षा कक्षों, परिसर, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, शौचालय, पेयजल और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया। इसके बाद कंट्रोल रूम पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सभी केंद्रों की लाइव स्थिति भी देखी गई। निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

डीएम ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से गहन निगरानी की जा रही है। परीक्षा कक्ष और परिसर में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के इस्तेमाल को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती की गई है। वहीं एसएसपी अभिनन्दन ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग और प्रवेश पत्र का सत्यापन करने के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाए। किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति न दी जाए। साथ ही परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी अभ्यर्थी को परेशानी होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

## विकास की गाड़ी तेज़ चली, लेकिन अंतिम डिब्बा पीछे छूट गया: नायक

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता गौहर अनवार



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखण्ड की इस पावन धरती पर खनिजों की अनमोल चमक है। जहां कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम जैसी कीमती धातुओं के भंडार हैं। लेकिन इसी माटी में सदियों से शोषण, विस्थापन और अधिकार-वंचना का खून बहता रहा है। 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की लगभग 26.21% आबादी अनुसूचित जनजाति और लगभग 12% अनुसूचित जाति से है। यानी हर तीन में से एक झारखण्डवासी उस समुदाय से है, जिसे इतिहास ने विकास की दौड़ में सबसे पीछे धकेल दिया। आज जब राज्य का वार्षिक बजट लाखों करोड़ की योजनाओं का खाका खींचता है, तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बजट की पहली पंक्ति में वे लोग हैं ? जो सदियों से अंतिम पायदान पर खड़े हैं। झारखण्ड देश के खनिज उत्पादन में अग्रणी है, लेकिन मानव विकास सूचकांक में देश के पिछड़े राज्यों में शुमार है। यह विडंबना तभी खत्म होगी जब बजट की प्राथमिकता खनिज नहीं, मनुष्य होगी; लाभ नहीं, अधिकार होगा; और विकास का मतलब विस्थापन नहीं, बल्कि सशक्तिकरण होगा। यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि-अधिकार, रोज़गार और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित, डेटा-आधारित, पारदर्शी और समुदाय-संचालित बजट बने, तो झारखण्ड न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा, बल्कि पूरे देश के लिए सामाजिक न्याय का जीवंत मॉडल भी बनेगा। ऐसा बजट ही दलित-आदिवासी-मूलवासी एवं अन्य कमज़ोर वर्गों के अंतिम पायदान पर बैठे नागरिकों तथा उच्च जाति के सबसे ग़रीब परिवारों के सर्वांगीन, चहुमुखी और समग्र विकास का वास्तविक मार्ग प्रशस्त करेगा। जिन जिलों से खनिज निकलते हैं, उनमें पश्चिम सिंहभूम, गुमला, पाकुड़, लातेहार तो वहीं गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा और पलायन की दर सबसे ऊँची है। विकास की गाड़ी तेज़ चली, लेकिन अंतिम डिब्बा पीछे छूट गया। यह विरोधाभास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक संकट है। अब समय आ गया है कि बजट इस नैतिक संकट का समाधान बने। उच्च शिक्षा में दलित-आदिवासी विद्यार्थियों के लिए 100% छात्रवृत्ति, कोचिंग सहायता और तकनीकी संस्थानों में आरक्षित सीटों का सख्त क्रियान्वयन हो। ''दलित-आदिवासी कौशल मिशन'' के तहत ₹1000-2000 करोड़ का वार्षिक प्रावधान कर आईटीआई, पॉलिटेक्निक और स्किल सेंटरों को उद्योगों से जोड़ा जाए, ताकि प्रशिक्षण के साथ रोजगार भी सुनिश्चित हो। शिक्षा केवल साक्षरता नहीं बल्कि यह सामाजिक गतिशीलता का सबसे मजबूत पुल है। भूमि और वनाधिकार: सम्मान का प्रश्नसदियों से जंगल-जमीन से जुड़ा समाज आज भी अपने ही संसाधनों पर अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है। वनाधिकार कानून (एफआरए) के तहत हजारों दावे अभी भी लंबित हैं। जब तक सामुदायिक और व्यक्तिगत पट्टे नहीं बाँटे जाते, विकास अधूरा रहेगा। खनिज रॉयल्टी और डीएमएफ फंड का कम से कम 40% स्थानीय समुदायों के विकास पर खर्च हो। सिंचाई, सौर पंप, सूक्ष्म जलाशयों में निवेश बढ़े। महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज ऋण और विपणन सहायता दी जाए। विकास का मॉडल विस्थापन का नहीं, स्थानीय संसाधनों पर स्थानीय समुदाय के अधिकार का हो। तभी न्यायपूर्ण विकास संभव होगा। स्वास्थ्य: जीवन का अधिकारदूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएँ आज भी नाममात्र की हैं। मातृ मृत्यु दर और कुपोषण गंभीर समस्या बने हुए हैं। स्वास्थ्य बजट में 25% वृद्धि हो। हर 20,000 आबादी पर एक पूर्ण सुसज्जित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बने, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर, दवाइयाँ और एम्बुलेंस अनिवार्य हों। ''पोषण सुरक्षा मिशन'' के लिए ₹1000 करोड़ का वार्षिक प्रावधान हो। मोबाइल मेडिकल यूनिट, मातृ-शिशु स्वास्थ्य मिशन और मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हों। स्वास्थ्य कोई दया नहीं, संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन का अधिकार है। दलित-आदिवासी उद्यमिता कोष'' के लिए ₹2000 करोड़ का प्रावधान हो। खनिज आधारित उद्योगों में 75% स्थानीय रोजगार अनिवार्य किया जाए। मनरेगा को जल संरक्षण और उत्पादक परिसंपत्तियों से जोड़ा जाए।

## एआइ से ल्यूपस की जांच में नई सटीकता, इलाज की सफलता का भी लगेगा अनुमान

लोक तंत्र की अवाज़

रत्ना



**लखनऊ।** ल्यूपस जैसी जटिल ऑटो प्रतिरक्षी बीमारी की जांच अब और अधिक सटीक हो सकेगी। संजय गांधी पीजीआई ने एम्स नई दिल्ली, पीजीआई चंडीगढ़ और आईआईटी दिल्ली के सहयोग से एआइ( कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित न्यूरल नेटवर्क प्रणाली विकसित की है, जो जांच की सूक्ष्म तस्वीरों का विश्लेषण कर नए पैटर्न पहचानने के साथ इलाज की दिशा और उसकी सफलता का आकलन करने में मदद करेग। क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के प्रो. रूद्रापन चटर्जी के अनुसार, ल्यूपस की पुष्टि के लिए एंटी न्यूक्लियर एंटीबॉडी (एएनए) जांच की जाती है। इस जांच में माइक्रोस्कोप के माध्यम से स्लाइड पर बनने वाले विशेष पैटर्न को देखकर बीमारी का निर्धारण किया जाता है। कई बार बहुत सूक्ष्म पैटर्न मानवीय आंख से छूट जाते हैं या उनकी पहचान में भ्रम हो जाता है। नई विकसित प्रणाली ऐसे मामलों में स्पष्ट और सटीक विश्लेषण उपलब्ध कराएगी। पीजीआई के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग की पूर्व प्रमुख और एम्स बीबी नगर की निदेशक प्रोफेसर अमिताभ अग्रवाल के मुताबिक अब तक इस नेटवर्क में 5 हजार से अधिक एएनए पैटर्न की तस्वीरें अपलोड की जा चुकी हैं। सहयोगी संस्थानों में हुई जांच की डिजिटल तस्वीरों को सुरक्षित कर आईआईटी दिल्ली भेजा गया, जहां विशेषज्ञों ने उन्हें प्रणाली में सम्मिलित कर प्रशिक्षण दिया। विश्लेषण के दौरान कुछ नए पैटर्न सामने आए हैं और पहले अनदेखे रहे संकेतों की भी पहचान संभव हुई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र से शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। बिहार झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र में सघन जांच अभियान के दौरान एक टेंपू से 94 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। चेक पोस्ट प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व मेंसफलता मिली। झारखंड से घोंघा की तरफ जा रहे एक संदिग्ध टेंपू को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई शराब मिली। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि वे शराब झारखंड से लाकर घोंघा में बेचने की तैयारी कर रहे थे। आने वाले होली में खपाने की तैयारी थी।गिरफ्तार । आरोपी की पहचान गोराडीह थाना क्षेत्र निवासी चंदन कुमार मंडल, उनकी पत्नी अष्टमी कुमारी, तथा घोंघा थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र मंडल और उनकी पत्नी कंचन कुमारी के रूप में हुई है। राकेश कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी कीमत पर तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में जाकिर हुसैन सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। नगरपालिका ( आम ) निर्वाचन–2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज की अध्यक्षता में नगर परिषद साहिबगंज अंतर्गत सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा विधि-व्यवस्था संधारण, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, संवेदनशील स्थलों की पहचान, सुरक्षा व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं स्टैटिक सर्विलांस टीम की सक्रियता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो सके। जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें।

### बभनीयाव में स्व. नंद कुमार सिंह की स्मृति में बनेगा भव्य स्मृति द्वार: भाई दिनेश



लोकतंत्रकी आवाज

जगदीशपुर ( भोजपुर )। ब्यास शिरोमणि स्वर्गीय नंद कुमार सिंह की पावन स्मृति में उनके पैतृक गांव बभनीयाव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्राद्धकर्म के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में फलदार पौधारोपण कर एक स्मृति वाटिका का शुभारंभ किया गया तथा गांव के मुख्य मार्ग पर भव्य स्मृति द्वार निर्माण की घोषणा की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा कि स्व. नंद कुमार सिंह रामायण और महाभारत के अद्भुत ज्ञाता थे। उनका प्रवचन, गायन और वादन समाज को जागरूक करने वाला रहा। उन्होंने जीवनभर सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों को सुदृढ़ किया। भाई दिनेश ने पंचायत से स्मृति गेट निर्माण का प्रस्ताव पारित कराने का आग्रह किया। सभा की अध्यक्षता उनके सुपुत्र एवं शिक्षक नेता पंकज कुमार उर्फ मंटू सिंह ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व देवसुंदर सिंह ब्यास ने किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# वाणिज्य महाविद्यालय में वार्षिक खेल-कूद समारोह का भव्य उद्घाटन, छात्रों को खेलों में भागीदारी की प्रेरणा

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/ नवगछिया।** वाणिज्य महाविद्यालय में 19 से 21 फरवरी तक आयोजित वार्षिक खेल-कूद समारोह का उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नमिता सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. नवल किशोर यादव थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. योगेन्द्र वर्मा तथा पूर्व संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. अनिल कुमार उपस्थित रहे।





मुख्य अतिथि प्रो. नवल किशोर यादव ने अपने संबोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुहेली मेहता की मांग पर विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम विकसित कराने के लिए सदन में आवाज उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विकास हेतु जहाँ भी उनकी आवश्यकता होगी, वे हर संभव सहयोग करेंगे। अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल-कूद में भागीदारी से विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास होता है, जो वर्तमान समय की आवश्यकता है। संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. योगेन्द्र वर्मा ने खेल गतिविधियों के नियमित आयोजन पर बल दिया, वहीं पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आपराधिक प्रवृत्तियों पर नियंत्रण में मदद मिलती है। प्राचार्या प्रो. सुहेली मेहता ने छात्रों से महाविद्यालय की सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

समारोह का उद्घाटन अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डॉ. दीप नारायण, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा विश्वविद्यालय के कई विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. निहारिका ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार साह ने प्रस्तुत किया।

पहले दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ के प्रथम हीट से 15 छात्र एवं 9 छात्राएँ अगले दौर के लिए चयनित हुए। 200 मीटर दौड़ के प्रथम हीट से 9 छात्र और 3 छात्राएँ फाइनल में पहुँचे। शॉट पुट (पुरुष) में रुद्रांश प्रताप सिंह प्रथम, रविकांत कुमार द्वितीय तथा हर्ष गुप्ता तृतीय रहे। शॉट पुट (महिला) में अनन्या आनंद प्रथम, कंचन विनोद द्वितीय और सन्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो (पुरुष) में आद्रिश बनर्जी प्रथम, अमित राज द्वितीय एवं हर्ष गुप्ता तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में कंचन विनोद प्रथम, सन्या सिंह द्वितीय और अनन्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता सहित अन्य खेलों के मुकाबले आगामी दिनों में आयोजित किए जाएंगे। समारोह को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## छह वर्षीय अली रूहान खान ने रखा पहला रोजा, परिवार में खुशी का माहौल



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर–नवगछिया।** पवित्र माह-ए-रमजान के पहले दिन गुरुवार को क्षेत्र में आस्था और इबादत का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में प्रखंड के पूर्व क्रिकेटर रहबर खान के छह वर्षीय पुत्र अली रूहान खान फरीदी ने अपने जीवन का पहला रोजा मुकम्मल कर परिवार और समाज को भावुक कर दिया। कम उम्र में रोजा रखने की इस पहल को लोगों ने सराहा और बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआएँ कीं।

जानकारी के अनुसार अली रूहान, खानकाह फरीदिया मोहब्बतिया से ताल्लुक रखते हैं और वे हजरत अली कौनैन खान फरीदी व नायाब सज्जादानशीन मौलाना शब्बर खान अफरीदी के भतीजे हैं। परिवार में धार्मिक परंपराओं का गहरा प्रभाव होने के कारण बचपन से ही उन्हें रोजा, नमाज और नेक रास्ते की तालीम दी जा रही है।

इस मौके पर पिता रहबर खान ने कहा, "मुझे अपने बेटे पर गर्व है। इतनी कम उम्र में उसने पूरा रोजा रखकर सबको खुश कर दिया। हम चाहते हैं कि वह अच्छी तालीम के साथ नेक इंसान बने और समाज के लिए मिसाल कायम करे। वहीं छोटे अली रूहान ने मासूम अंदाज में कहा, मैंने पहला रोजा रखा है। मुझे थोड़ा प्यास लगी, लेकिन अल्लाह के लिए रोजा पूरा किया। आगे भी रोजा रखूँगा और नमाज पढ़ूँगा। क्षेत्र में यह घटना बच्चों को धार्मिक मूल्यों और अनुशासन की प्रेरणा देने वाली मानी जा रही है। रमजान के पहले रोजे पर ऐसी सकारात्मक पहल ने माहौल को और भी रूहानी बना दिया।

## ट्रक ने टेंपू में मारा धक्का, टेंपू सवार घायल



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती, ट्रक नेट टेंपो में मारा धक्का। टेंपो में सवार यात्री की हालत गंभीर। प्राप्त सूचना के अनुसार सुबह में टेंपो सवार से स्टेशन से पीरपैंती बाजार जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ,टेंपो में धक्का मार दिया। आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए पीरपैंती रेफरल अस्पताल पहुंचाया।घायलों की पहचान काली प्रसाद निवासी मोहम्मद अंजिम और शाहिद के रूप में हुई है।सूचना प्राप्त होते ही मुखिया प्रतिनिधि गुंजन साह, पंचायत समिति सदस्य विजय साह, और रंजीत पासवान अस्पताल पहुंचे। बेहतर इलाज कराया। डॉ गणेश खंडेलिया ने मोहम्मद शाहिद की हालत गंभीर देखकर विशेष चिकित्सा हेतु मायागंज रेफर कर दिया।सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे।

## दुलौर में 21 से श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ





लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र के दुलौर गांव स्थित राजेंद्र हॉस्पिटल परिसर में आयोजित होने वाला श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ 21 फरवरी से प्रारंभ होकर 1 मार्च तक चलेगा। महायज्ञ को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं और पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल देखा जा रहा है। प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें तपोमूर्ति संत श्री सुन्दर महाराज जी एवं श्री पद्मनाभ स्वामी जी (श्री गोपाल गौ सेवा संस्थान) के सानिध्य में श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश दिया जाएगा, वहीं वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पं. शिवशंकर तिवारी जी श्रीराम कथा एवं भक्ति प्रवचन करेंगे।

महायज्ञ की शुरुआत 21 फरवरी को जलभरी एवं भव्य शोभायात्रा से होगी, जबकि 22 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं जलाधिवास का आयोजन किया जाएगा। 27 फरवरी को नगर भ्रमण, 28 फरवरी को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा तथा 1 मार्च को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन होगा।

गुरुवार को व्यवस्थापक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## क्रिकेट लीग में नवगछिया सिटी की शानदार जीत, चार विकेट से मिली जीत

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/नवगछिया।** नवगछिया क्रिकेट लीग 1 के तहत आयोजित पांचवें मुकाबले में नवगछिया सिटी ने रोमांचक प्रदर्शन करते हुए नवगछिया स्टार को चार विकेट से हराया। मैच तेतरी मैदान, नवगछिया में खेला गया।

नवगछिया क्रिकेट लीग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित इस मैच के दौरान बोर्ड के अध्यक्ष सरोज झा, सचिव संतोष कुमार, विवेकानंद यादव, डॉ. अविनाश कुमार, बबलू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।पहले बल्लेबाजी करते हुए नवगछिया स्टार की टीम ने निर्धारित ओवरों में 309 रन बनाए।टीम की ओर से ऋषि ने शानदार 195 रन, अंकित ने 38 रन और रुपेश ने 40 रन का योगदान दिया।

**रेहान खान ने जड़ा 193 रन**



जवाब में नवगछिया सिटी की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 310 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया। रेहान खान ने शानदार 193 रन बनाए, जबकि अनस ने 45 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच के अंपायर मंटू कुमार और मिथुन कुमार रहे, जबकि कमेंट्री की जिम्मेदारी दीपक कुमार ने निभाई। संयोजक घनश्याम प्रसाद ने बताया कि अगला मुकाबला नवगछिया टाइगर और नवगछिया यूथ के बीच तेतरी मैदान, नवगछिया में खेला गया।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 की तैयारियों की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** अनुमंडल कार्यालय, साहिबगंज के सभागार में आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 की तैयारियों की समीक्षा हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 02-बोरिया( अ0ज0जा0 ) विधानसभा -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज श्री अमर जॉन आईन्द की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें धुंधली/त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का निराकरण, दस्तावेज सत्यापन की स्थिति, मतदाताओं का मैपिंग, प्रपत्रों का निष्पादन, एएसडी सूची की तैयारी तथा श्रेणी A, C एवं D के अंतर्गत मैप किए गए मतदाताओं की प्रगति शामिल रही।

अनुमंडल पदाधिकारी महोदय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पारदर्शिता, सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक का समापन आवश्यक कार्ययोजना निर्धारण एवं समयबद्ध अनुपालन के निर्देशों के साथ हुआ।

## बिहपुर विधायक ने विधानसभा में उठाए नारायणपुर व खरीक के मुद्दे, स्कूल भवन निर्माण व फसल मुआवजा की उठाई मांग

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर /नवगछिया।** बिहार विधानसभा में जारी सत्र के दौरान बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक इं. शैलेंद्र ने नारायणपुर और खरीक प्रखंड से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाया।

विधायक ने सदन में कहा कि नारायणपुर प्रखंड का सिंहपुर पश्चिम पंचायत खगड़िया जिले से सटा हुआ है, जिसके कारण कई किसानों की जमीन पड़ोसी जिले में पड़ जाती है। बाढ़ या अन्य आपदा के बाद सीमा विवाद के चलते यहां के किसानों को फसल मुआवजा नहीं मिल पाता। उन्होंने जल संसाधन मंत्री विजय



चौधरी से इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करने की मांग की।इसके साथ ही विधायक ने सरकार को दान में दी गई भूमि पर स्कूल भवन निर्माण का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने बताया कि खरीक प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, शिवगंज टोला के लिए स्वर्गीय रासबिहारी पोद्दार द्वारा राज्यपाल के नाम नौ डिसमिल भूमि दान दिए जाने के बावजूद भवन निर्माण कार्य अब तक लंबित है। इस पर शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने सदन में स्पष्ट किया कि दान की गई भूमि उपलब्ध है और जिला कार्यालय, भागलपुर के पत्रांक 1580 (दिनांक 30 जनवरी 2026) के माध्यम से मुख्य अभियंता, बीएसईआईडीसी, पटना को चार अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद आठ माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नवगछिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम ने बताया कि विधायक की इस पहल से क्षेत्र में विकास की उम्मीद बढ़ी है। विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों पर इमर गौरव, मंडल अध्यक्ष बाल्मिकी मंडल, दिलीप कुमार सिंह, रंजीत गुप्ता, ब्रजेश शर्मा नागर, अजीत चौधरी, सौरव सावर्ण, मेहता सच्चिदानंद, नीलेश, अजय उर्फ माटो, सदानंद, लालमोहन, सिंटू और सौरव सहित अन्य लोगों ने आभार व्यक्त किया।

## ग्यारह लाख आहुतियों के साथ संपन्न हुआ श्रीविष्णु महायज्ञ

**महायज्ञ में 25 हजार श्रद्धालुओं ने ली गुरुदीक्षा, वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा दोघरा, महायज्ञ का हुआ समापन**





लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर अनुमंडल क्षेत्र के बिहिया प्रखंड अंतर्गत दोघरा में आयोजित पांच दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ का गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हो गया। महायज्ञ का आयोजन भारत के महाविभूति अंतरराष्ट्रीय महायोगी श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर बिहिया चौराहा स्थित जीओ पेट्रोल पंप के पीछे किया गया था, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

काशी के प्रसिद्ध यज्ञाचार्य पंडित डॉ. भूपेंद्र पांडेय एवं उनके सहयोगियों ने वैदिक विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। यजमानों द्वारा ग्यारह लाख आहुतियां अर्पित की गईं। संत श्री देवराहा शिवनाथजी महाराज के सानिध्य में लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने गुरुदीक्षा ग्रहण की। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचे। संतश्री ने प्रवचन में कहा कि यज्ञ, हवन और सत्कर्म का प्रभाव दीर्घकालिक होता है तथा यह मानव जीवन में शांति, समृद्धि और सद्गति का मार्ग प्रशस्त करता है।

पूर्णाहुति के बाद आयोजित महाभंडारे में करीब 70 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति, ग्रामीणों एवं प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। पूरे क्षेत्र में पांच दिनों तक आध्यात्मिक उल्लास और मेले जैसा वातावरण बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बगहा : अरविन्द नाथ तिवारी राष्ट्रीय 'आइकॉन' सम्मान से सम्मानित



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** पांडिचेरी विश्वविद्यालय एवं गोपाल किरन समाजसेवी संस्था (जीकेएसएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह 'सिल्वर जुबली कैंपस' में 30 जनवरी को विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। स अवसर पर प्रो. अरविन्द नाथ तिवारी को समाज, साहित्य और लेखन के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय 'आइकॉन' सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्तिपत्र, मोमेंटो एवं शॉल प्रदान किया गया।
**साहित्य जगत में विशिष्ट पहचान** : प्रो. तिवारी को पूर्व में भी अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्य ज्ञानाक्षर सम्मान, हिन्दी भूषण श्री सम्मान, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान तथा डॉ. आंबेडकर सम्मान प्राप्त हो चुका है। उल्लेखनीय है कि प्रो. तिवारी को अब तक दस विश्वविद्यालयों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें नेपाल का प्रतिष्ठित त्रिभुवन विश्वविद्यालय भी शामिल है। स उपलब्धि पर साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### अरेराज पुलिस ने 180 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, स्पलेंडर बाइक भी ज़ब्त



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** रेराज में उत्पाद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संग्रामपुर जनता चौक पर कार्रवाई करते हुए 180 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तस्कर बाइक पर चोकर के बोरे में शराब छुपाकर ले जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मंगलापुर निवासी राजेन्द्र यादव के पुत्र श्यामबाबू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बीआर 05 जे 4283 रजिस्ट्रेशन नंबर की बाइक को भी जब्त कर लिया है। अरेराज उत्पाद थाना के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के निर्देश पर एसआई अजीत कुमार एवं एसआई उत्पल कुमार द्वारा यह कार्रवाई की गई हैं। वहीं थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेजा जा रहा है। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा।

### मधुबनः होली के मौके पर महंगे दामों में बेचने की तैयारी कर रहे शराब तस्करों के मंसूबों पर मधुबन पुलिस ने फेरा पानी



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** मधुबन थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने जमीन के अंदर गाड़कर छिपाई गई 38 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की (प्रत्येक 750 एमएल) को जब्त किया है। जो कुल 28 .5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई हैं। शराब कारोबारी की पहचान हो चुकी है,पुलिस ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मधुबन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डे की सतर्कता से नशे के इस बड़े धंधे पर करारा प्रहार हुआ है। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी हैं।

# डायल 112 टीम पर अवैध वसूली का आरोप, एसपी ने दिए जांच के आदेश

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

वाल्मीकिनगर के संतपुर सोहरिया पंचायत में जन-संवाद कार्यक्रम, ग्रामीणों से सीधा संवाद

बगहा। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के संतपुर सोहरिया पंचायत में बगहा पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल के नेतृत्व में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन ने एसएसबी और एसटीएफ के साथ मिलकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं।
**डायल 112 टीम पर गंभीर आरोपः** बैठक के दौरान एक स्थानीय युवक ने डायल 112 टीम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया। युवक ने बताया कि बिना लाइसेंस गोनौली से हरनाटाड़ जाने वाले या नेपाल से शराब पीकर लौटने वाले लोगों से अवैध रूप से पैसे लिए जाते हैं। सने आरोप लगाया कि जांच के नाम पर 20 हजार से 40 हजार रुपये तक की वसूली की जाती है।
**''ऑनलाइन भुगतान की बात करने पर नकद की मांग''** : युवक ने यह भी कहा कि जब ऑनलाइन भुगतान की बात की जाती है तो नकद राशि की मांग की जाती है। एसपी के पूछने पर युवक ने पुष्टि की कि यह घटना पिछले महीने हुई थी और इसमें डायल 112 की टीम शामिल थी।
**एसपी ने दिया कार्रवाई का आश्वासनः** इस पर एसपी रामानंद कौशल ने स्पष्ट किया कि ऐसी किसी भी शिकायत की जानकारी तुरंत उनके मोबाइल नंबर या स्थानीय थाना अध्यक्ष को दी जाए। उन्होंने कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने पर जुर्माना लगाना कानूनी प्रक्रिया है और शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्रवाई स्वाभाविक है।
हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि अवैध वसूली की शिकायत सामने आती है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना सीधे प्रशासन को देने की अपील की।
**रात्रि विश्राम कर योजनाओं की दी जानकारीः** जन-संवाद कार्यक्रम के बाद अधिकारियों ने गांव में रात्रि विश्राम भी किया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही कानून-व्यवस्था, यातायात नियमों और मद्यनिषेध कानून के प्रति जागरूक करते हुए प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई।

# थारूआ टोला पिपरा विद्यालय में हुआ वार्षिक बाल मेले का आयोजन



लोकतंत्र के आवाज

**संवाददाता मेराज आलम**

**गौनाहा** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय थरुआ टोला पिपरा में गुरुवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे बेलसंडी के पूर्व मुखिया लोकेश महतो सहित अन्य अतिथियों को फूलों का माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बाल मेले को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित 3 से 6 वर्ष के उन सभी 40 बच्चों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव हो। यही इस बाल मेले का उद्देश्य है। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों एवं बच्चियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी खाद्य सामग्री एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। बाल मेले में उपस्थित अभिभावक अखिलेश महतो, अशोक कुमार साह, सिंहासन पासवान, नागेंद्र महतो, जगदीश शर्मा, गुड्डू साह, सतनारायण महतो आदि को संबोधित करते हुए एचएम ने कहा की नए सत्र में आप लोग अपने बच्चों का नामांकन अवश्य कराए। बाल मिले का बेहतर संचालन शिक्षिका ऋचा श्रीवास्तव ने की। बाल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चे एवं बच्चियों को मेडल व कलम देकर पुरस्कृत किया गया। बाल मेले में शिक्षिका शालिनी कुमारी, सारिका कुमारी, ऋचा श्रीवास्तव, चंद्रभूषण सहाय, मोहम्मद आलमीन, अरुण कुमार चौहान व राजू महतो का योगदान सराहनीय रहा।

# बलात्कार कांड के आरोपी,4 शराबी व एक वारंटी सहित 6 को जेल




लोकतंत्र के आवाज

**संवाददाता मेराज आलम**

**गौनाहा** थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी बलात्कार कांड के नामजद अभियुक्त प्रवेज खान को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि हरपुर घोटा गांव निवासी मुन्ना चौधरी, हरकटवा गांव निवासी अवध किशोर महतो तथा जमौली गांव निवासी शुखलाल महतो व धर्मेंद्र महतो को विभिन्न जगहों से शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया था। ऐसे ही एक अन्य वारंटी बैरिया डीह निवासी लालबाबू चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार सभी 6 अभियुक्तों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

# छोटकीपट्टीझ्रपरसा देऊरवाझ्रकपरधीका सड़क के चौड़ीकरण की मांग, विधायक राम सिंह ने सदन में उठाई आवाज

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** धायक राम सिंह ने बुधवार को विधानसभा में क्षेत्र की जर्जर सड़कों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने छोटकीपट्टी से परसा देऊरवा नड्डा होते हुए कपरधीका तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की मांग करते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। धायक ने सदन में कहा कि उक्त सड़क काफी संकरी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सड़क की स्थिति भी अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बरसात के दिनों में हालात और अधिक गंभीर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क पथ है। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं, मरीजों तथा किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क संकरी होने के कारण बड़े वाहनों का परिचालन भी जोखिम भरा साबित हो रहा है। धायक राम सिंह ने सरकार से अविलंब सड़क की मरम्मत, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य प्रारंभ कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी तथा सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। सरकार की ओर से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

# मोतिहारी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न,दुर्घटनाओं की रोकथाम को दिए गए सख्त निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति, पूर्वी चम्पारण की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि थानाध्यक्षों से प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित सड़क विभाग आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगे।पिपराकोठी फ्लाईओवर के नीचे ट्रैफिक पोस्ट निर्माण के लिए एनएचएआई को निर्देशित किया गया, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने अवैध कटों को बंद कराने के भी निर्देश दिए गए। र्घटना प्रवण क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने, मोतिहारी स्थित आईओसीएल के पास तथा माउंट लिट्रा जी स्कूल के समीप आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। सुगौली थाना क्षेत्र के जनता चौक,सिकराहना पुल, अमिरखान टोला,फुलवरिया, चांदनी पेट्रोल पंप एवं श्रीपुर जान चौक पर भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्णय लिया गया। वहीं ग्राम जमुनाभार से सैनिक रोड में मिलने वाले चौक पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने तथा पिपराकोठी एवं कोटवा थाना क्षेत्र के दुर्घटना संभावित स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा हेतु आवेदन दाखिल करने के प्रति जागरूक करें। इस बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी थानाध्यक्ष सड़क दुर्घटनाओं की प्रविष्टि आई-आर एडी /सी-डीएआर पोर्टल पर निर्धारित अवधि के भीतर शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक यातायात,संबंधित थानाध्यक्ष,एनएचएआई के पदाधिकारी,पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता,अपर जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बगहा में बच्चा चोरी की अफवाह पर 50 वर्षीय व्यक्ति की पिटाई, पुलिस ने बचाकर अस्पताल पहुंचाया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीप नीरज मिश्रा**

बगहा। बगहा नगर थाना क्षेत्र के सिंगारी पिपरिया गांव में गुरुवार दोपहर बच्चा चोरी की अफवाह पर एक 50 वर्षीय व्यक्ति की ग्रामीणों द्वारा पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को भीड़ से छुड़ाकर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे थाना लाकर पूछताछ की जा रही है। ताया जाता है कि संबंधित व्यक्ति गांव में संदिग्ध स्थिति में घूम रहा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उस पर एक बच्ची के अपहरण का प्रयास करने की अफवाह फैला दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और लोगों ने उसे घेरकर मारपीट की। बाद में उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। घायल की पहचान कोल्हुआ चौतरवा निवासी आलमगीर अंसारी (पिताझ्र सलीम अंसारी) के रूप में हुई है। ग्रामीणों, जिनमें शेख फखरुद्दीन, गिजू खान और जीतन कुशवाहा शामिल हैं, ने बताया कि उक्त व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अक्सर इधर-उधर भटकता रहता है। टना का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने की भी चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नगर थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को सुरक्षित थाना लाया गया। प्रारंभिक जांच में वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बड़गो देवराज में संकटमोचक हनुमान मंदिर का भव्य निर्माण, 20 फरवरी को होगी प्राण-प्रतिष्ठा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बड़गो देवराज (प. चंपारण)।** मुख्य यजमान एपी पाठक एवं बड़गो देवराज के समस्त ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से मातृभूमि बड़गो में संकटमोचक हनुमान जी के भव्य मंदिर का निर्माण साकार हो गया है। यह मंदिर केवल एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि गांव की सामूहिक आस्था, एकता और सहयोग का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान एपी पाठक एवं मंजू बाला पाठक के नेतृत्व में 18 फरवरी को पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता के बीच सैकड़ों कन्याओं ने पवित्र जलस्त्रोतों से जल-भराई कर कलश धारण किए। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयघोष, बाजों की गूंज और भक्तिमय माहौल से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। नुमान मंदिर निर्माण की अवधारणा उस पवित्र संकल्प से जन्मी, जब एपी पाठक एवं ग्रामीणों के मन में यह विचार जागृत हुआ कि गांव में सभी के रक्षक, विघ्नविनाशक और संकटमोचक हनुमान जी का स्थायी आस्था-केंद्र स्थापित होना चाहिए। इसी उद्देश्य से ''हनुमान मंदिर समिति



वेलफेयर ट्रस्ट, बड़गो देवराज'' की स्थापना की गई। ट्रस्ट के मार्गदर्शन, समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका, सभी ग्रामीणों की तत्परता तथा विशेष रूप से एपी पाठक के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। गांव के हर वर्ग की भागीदारी ने इस निर्माण को केवल एक मंदिर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सामाजिक सौहार्द और सामूहिक संकल्प की मिसाल बना दिया। दिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान 20 फरवरी तक जारी रहेंगे। 20 फरवरी को विधिवत मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। आज बड़गो देवराज का यह हनुमान मंदिर भक्ति, विश्वास और सामाजिक एकता का केंद्र बनकर क्षेत्रवासियों को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान कर रहा है।

# सदर अस्पताल मोतिहारी में एक दिवसीय बर्थ डोज वैक्सीनेशन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** एमसीएच भवन सदर अस्पताल मोतिहारी में एक दिवसीय बर्थ डोज वैक्सीनेशन एवं एईएफआई, वीपीडी सर्विलेंस के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में प्रशिक्षण डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ मनोज तुमराडा ने दिया। कार्यशाला में पीकु वार्ड, नवजात इमर्जेंसी वार्ड, टीकाकरण काउंटर एएनएम तथा लेबर रुम टीकाकरण साईट के साथ साथ सदर के चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में डॉ तुमराडा ने बताया कि जन्म के तत्काल बाद बीसीजी, हेपटाइटिस बी, तथा ओपीवी का डोज दिया जाता है जिसका रिकार्ड यूविन पर अंकित होना आवश्यक है। इसके साथ साथ टीके देने के बाद किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव होता है तो उसका तत्काल समाधान के लिए चिकित्सक से सम्पर्क, चिकित्सा और यूविन पर संधारण जरुरी है. जिन रोगों से बचाने के लिए टीके दिए जाते हैं उनसे संबंधित रोग का लक्षण दिखता है तो तत्काल उसकी सूचना भी देनी जरुरी है ताकि उसकी जांच की जा सके। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार ने ऐसी कार्यशाला और उसके निर्देश का पालन आवश्यक है। बैठक में सिविल सर्जन ने उपाधीक्षक डॉ एस एन सत्यार्थी के द्वारा सुधारों के लिए तत्परता की प्रशंसा किया।बैठक में यूएनडीपी के रूपेश मिश्रा, राजेश कुमार, डॉ अमृतांशु, नरोत्तम कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, मीरा कुमारी, सविता कुमारी इत्यादि सभी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला : रवियो गांव के बधार से 110 लीटर महुआ शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के रवियो गांव में छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने गांव के बधार इलाके से करीब 110 लीटर महुआ शराब बरामद किया, जिसे जब्त कर थाना परिसर लाया गया। प्रभारी थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले में शराब कारोबारी की पहचान कर ली गई है और उसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 55/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से भी अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है, ताकि समाज में शांति व्यवस्था कायम रखी जा सके।

### गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार करने का निर्देश



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** करीबरावा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में गुरुवार को आशा की बैठक हुई। बैठक में 80 आशा शामिल हुईं। आशा को मैटरनल एनीमिया प्रोग्राम के अंतर्गत सभी उपस्थित आशा को समय फॉलो करने का निर्देश दिया गया। सबसे पहले सभी गर्भवती लाभार्थियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि वैसी महिलाएं जो हाई रिस्क प्रेगनेंसी की कैटेगरी में है वैसी गर्भवती महिलाओं से समय फॉलो अप करके उन्हें नजदीक के अस्पताल में लेकर जाना अथवा भेजना सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी ने किया। बैठक में ब्लॉक हेल्थ मैनेजर, लेखाप्रबंधक, बीसीएम एवं आशा फैसिलिटेटर आदि थे।

### बिहारशरीफ : नूरसराय में महिला से सोने की कनवाली लूट, दो अपराधी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम महिला से सोने की कनवाली लूटे जाने की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को शाम करीब 3 बजे मेयार मुर्गी फॉर्म के समीप मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधकर्मियों ने एक महिला से सोने की कनवाली छीन ली और फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान की मदद से जांच शुरू की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं लूटी गई सामग्री बरामद कर ली है।जांच के दौरान अज्ञात अपराधियों की पहचान करते हुए पुलिस ने रहुई थाना क्षेत्र के ग्राम देकपुरा से दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, शेष आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### तेज रफ्तार पीकअप ने तीन बच्चों को रौंदा, एक की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**रहुई ।** थाना क्षेत्र में बिहटा–सरमेरा मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार अनियंत्रित पीकअप वाहन ने तीन बच्चों को रौंद दिया। इस हादसे में एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत बच्ची की पहचान सोनसिकरा गांव निवासी भूषण चौहान की 7 वर्षीय पुत्री कामिनी कुमारी के रूप में हुई है। वहीं घायलों में अनुज चौहान का पुत्र सुमित कुमार और शशिभूषण चौहान का पुत्र अधिराज कुमार शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और आक्रोशित होकर बिहटा–सरमेरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। हादसे की सूचना पर बिंद थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह तथा रहुई थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। परिजनों के अनुसार, कामिनी कुमारी अलीपुर स्थित स्वामी विवेकानंद इंग्लिश स्कूल से पढ़ाई कर घर लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार पीकअप ने बच्चों को टक्कर मार दी।

# भारत को एआई का उपभोक्ता नहीं, मालिक बनना होगा : जीत अदाणी

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सदी में भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाला देश नहीं, बल्कि उसे बनाने और नियंत्रित करने वाला राष्ट्र बनना होगा। यह बात अदाणी ग्रुप के डायरेक्टर जीत अदाणी ने इंडिया एआई समिट 2026 में कही। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एआई अब केवल तकनीकी बदलाव नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संप्रभुता, आर्थिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव का नया आधार बनने जा रहा है। जीत अदाणी ने कहा कि इतिहास में हर युग को एक तकनीक ने परिभाषित किया है। बिजली ने उद्योगों को गति दी, तेल ने वैश्विक राजनीति की दिशा तय की और इंटरनेट ने पूरी अर्थव्यवस्था को बदल दिया। अब वही भूमिका एआई निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के सामने असली सवाल यह नहीं है कि वह एआई अपनाएगा या नहीं, बल्कि यह है कि भारत अपनी बुद्धिमत्ता खुद बनाएगा या दूसरे देशों की बनाई प्रणाली पर निर्भर रहेगा। उन्होंने ये भी कहा कि भारत का उदय किसी पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नहीं है, बल्कि दुनिया में संतुलन और स्थिरता लाने के लिए है। भारत जब तकनीक बनाता है तो उसका उद्देश्य नियंत्रण नहीं, बल्कि समावेश होता है। लेकिन उन्होंने चेतावनी भी दी कि क्षमता के बिना समावेश कमजोरी बन जाता है और संप्रभुता के बिना क्षमता विदेशी निर्भरता में बदल जाती है। जीत अदाणी ने भारत की एआई शक्ति के तीन प्रमुख स्तंभ बताए- सम्पूर्ण ऊर्जा, क्लाउड पर संप्रभुता और असीमित सेवा। उन्होंने कहा कि एआई को चलाने के लिए सबसे जरूरी चीज बिजली है। एआई सिस्टम भारी मात्रा में ऊर्जा का उपयोग करते हैं और अगर बिजली व्यवस्था कमजोर होगी तो देश की एआई क्षमता भी कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि भारत में सोलर और विंड एनर्जी का विस्तार अब केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय रणनीति का हिस्सा बन चुका है। आने वाले समय में देश में ऐसे बड़े केंद्र विकसित होंगे जहां ग्रीन एनर्जी और एआई टा सेंटर एक साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ क्लाउड है। पहले देश अपनी सुरक्षा के लिए सेना और नौसेना बनाते थे, आज के डिजिटल युग में डेटा सेंटर और कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। अगर भारत का डेटा और एआई सिस्टम विदेशों में रहेगा तो भारत की रणनीतिक ताकत भी बाहरी नियंत्रण में रहेगी। इसलिए भारत को अपने देश में ही बड़े पैमाने पर डाटा सेंटर और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा, ताकि देश की डिजिटल संप्रभुता सुरक्षित रह सके। तीसरे स्तंभ के रूप में उन्होंने सेवाओं की संप्रभुता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आइटी क्रांति के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को सेवाएं दीं, लेकिन उसका आर्थिक लाभ ज्यादा भारत के बाहर गया। एआईकभारत को यह स्थिति बदलने का ऐतिहासिक अवसर दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का एआई सबसे पहले भारतीय किसानों की मदद करे, शिक्षा को बेहतर बनाए, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करे, लॉजिस्टिक्स और उद्योग को अधिक सक्षम बनाए और छोटे शहरों और गांवों तक विकास पहुंचाए।

इस दौरान उन्होंने अदाणी ग्रुप के चेयरमैन द्वारा हाल ही में की गई 100 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह निवेश भारत में ग्रीन एनर्जी आधारित एआई इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए है, जो देश को एआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे भारत के तकनीकी इतिहास का एक परिवर्तनकारी कदम बताया। त अदाणी ने भावनात्मक अंदाज में कहा कि उनकी पीढ़ी को आजादी विरासत में मिली है, लेकिन अब उसे मजबूत और सुरक्षित करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक राष्ट्रवाद का मतलब केवल शब्द नहीं, बल्कि क्षमता, मजबूती और क्रियान्वयन है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाली एआई सदी भारत की पहचान के साथ जुड़ी होगी। उन्होंने कहा कि भारत केवल इस बदलाव का हिस्सा नहीं बनेगा, बल्कि उसका नेतृत्व करेगा। भारत का लक्ष्य दुनिया को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि उसे स्थिरता देना और ऐसी तकनीक बनाना है जो पूरी मानवता के लिए उपयोगी हो।

## सेमीफाइनल में पकरीबरावां ने शेखपुरा को हराया




लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित गांव राईस में 23 फरवरी को होगा फाइनल मुकाबला गांव राईस खेल मैदान पर खेले जा रहे स्व.जुल्फकार अली भुट्टो राईस प्रीमियर लीग 2026 जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्ननिंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पकरीबरावां एवं शेखपुरा के बीच गुरुवार को खेला गया। शेखपुरा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पकरीकरावां की टीम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 5 विकेट खोकर 239 रन बनाए। जवाब में शेखपुरा की टीम 156 रन बनाकर मात्र 15 ओवर मेंऑलआउट हो गई। इस तरह पकरीबरावां ने शानदार जीत दर्ज की। पकरीबरावां की ओर से निखिल कुमार ने तूफानी बल्लेबाज़ी करते हुए 68 गेंद पर 185 रन बनाये। उसने कई छक्के एवं चौके लगाए। उसके बेहतरीन खेल पर खेलप्रेमियों ने जमकर तालियां बजायीं। शानदार पारी खेलने वाले निखिल को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मो. जिशान आलम ने मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बताया गया कि मुख्य अतिथि सऊदी अरब से इस टूर्नामेंट में शामिल होने अपना घर आए हैं। आयोजक बहादुर मलिक, शेरू मलिक, शादाब इमाम, इंजीनियर जाहिद मलिक एवंमहताब मलिक ने बताया कि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबला एवं फाइनल मैच के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया गया कि 23 फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मैच को लेकर खेलप्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मैच को देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस बार अन्य वर्षों की तुलना में काफी अच्छा मैच हो रहा है।आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले टीम को एक लाख रुपए एवं बड़ा ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए एवं बड़ा ट्रॉफी दिया जाएगा। इस अवसर पर मो. मिराज, मो. कयाम उर्फ मुन्नू, मो. बदरुद्दीन, मो. सुगेर , सहित अन्य उपस्थित थे।

## औरंगाबाद : गोह पोखरा पर शिवाजी महाराज की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** गोह प्रखंड मुख्यालय के पोखरा पींड पर अवस्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। गुरुवार को स्थानीय समाजसेवियों ने शिवाजी पार्क में स्थित शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा जदयू नेता सत्यम पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का प्रतीक है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज व देश के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनय पटेल, परितोष पटेल, विक्की मेहता, राहुल कुमार, मधुसूदन सिंह, चंद्रकेत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## सैंडिस कंपाउंड में दर्जनों कौवों की मौत, बर्ड फ्लू की आशंका

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल सैंडिस कंपाउंड में दर्जनों कौवों की अचानक मौत से पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्विमिंग पूल के ठीक सामने कई मृत कौवे पड़े मिले, जिसके बाद सुबह टहलने आने वाले लोगों में भय का वातावरण फैल गया।बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले नवगछिया क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं ने संभावित बर्ड फ्लू को लेकर आशंका और बढ़ा दी है। हालांकि अभी तक प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।सुबह की ताजी हवा लेने और व्यायाम के लिए सैंडिस कंपाउंड पहुंचने वाले लोगों का कहना है कि खुले मैदान में इस तरह पक्षियों की मौत होना गंभीर चिंता का विषय है। लोगों ने प्रशासन से जल्द जांच कराने और मृत पक्षियों को सुरक्षित तरीके से हटाने की मांग की है, ताकि किसी संभावित संक्रमण को रोका जा सके। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि

डर के कारण कई लोगों ने फिलहाल उस इलाके में जाना कम कर दिया है स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पक्षियों की असामान्य मौत हो रही है तो तुरंत पशुपालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को सैंपल जांच करानी चाहिए। समय रहते जांच और सतर्कता बरती जाए तो किसी बड़े खतरे को टाला जा सकता है। ब सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रशासन इस मामले में कब संज्ञान लेता है और क्या बर्ड फ्लू की आशंका की पुष्टि के लिए वैज्ञानिक जांच कराई जाती है शहरवासियों की नजरें फिलहाल प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## रजौली में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए सुविधा काउंटर की व्यवस्था,उपभोक्ताओं को हो रही सहूलियत

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** द्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली के द्वारा मनोहर कैंपस में सुविधा काउंटर की व्यवस्था की गई है। सुविधा काउंटर पर उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन से जुड़ी विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। सुविधा काउंटर की जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रजौली सुनील कुमार ने बताया कि काउंटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को नया विद्युत कनेक्शन,लोड बढ़ाना या घटाना,मोबाइल नंबर बदलना या जोड़ना तथा प्राथमिक दर्ज राशि जमा करने के बाद समझौता राशि ( कंपाउंडिंग फीस ) के लिए आवेदन स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नए विद्युत कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड की मूल प्रति,वर्तमान वर्ष की रसीद की फोटो कॉपी,एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तथा सक्रिय मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है। सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन सुविधा काउंटर पर बैठे कंज्यूमर एक्सकूटीव गौतम कुमार के पास जमा किया जा सकता है। विधा काउंटर के कार्य का समय सुबह 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। साथ ही विभाग द्वारा जारी संपर्क सूत्र 7979 970 177 पर उपभोक्ता आवश्यक जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल से रजौली क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने और कार्यों के त्वरित निष्पादन की उम्मीद जताई जा रही है।

## औरंगाबादः दधपी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव के समीप एन एच 120 पर बुधवार की देर रात एक स्कॉर्पियो और बाइक की जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायल युवकों ग्रामीणों ने गोह पीएचसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया। जिसमें एक युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। तो वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। दोनों युवक एक ही गांव के निवासी हैं।मृतक युवक की पहचान गया जिला अंतर्गत कोंच थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी सुरेठ पासवान का 18 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक उक्त गांव निवासी कमलेश्वर साव का 22 वर्षीय पुत्र सुमिरन कुमार है। घायल युवक का दाहिना पैर टूट गया है।जिसका इलाज मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी में चल रहा है।घटना के संबंध में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि देवहरा की ओर जा रही बाइक सवार युवक को एक स्कॉर्पियो ने जोरदार धक्का मार दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं गोह थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में पीड़ितों के द्वारा आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## हम सेक्युलर के सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान कियाः जिला सदस्यता प्रभारी

### किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति उसके सक्रिय सदस्यों से आंकी जाती : जिला अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

**गया** जिला इकाई द्वारा संगठन विस्तार एवं जनाधार सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से सदस्यता महा सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्यालय, सुरहरे मोड़ भुसंडा में एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया है।इस बैठक में सभी सम्मानित प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, पार्टी के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सक्रिय एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं। यह बैठक गया जिला सदस्यता प्रभारी सह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देश में सम्पन्न हुई है।इस बैठक की अध्यक्षता गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने की तथा संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इंजीनियर दिवाकर सिंह द्वारा किया गया है। स बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. बीरेंद्र सिंह ने कहा कि गया जिला में सदस्यता अभियान को और तेज गति से चलाया जाए, मार्च माह तक कम से कम 1 से 2 लाख नए सदस्य बनाए जाएं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया तथा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है। जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति



उसके सक्रिय सदस्यों से आंकी जाती है। इसलिए इस अभियान को और गति देते हुए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान 14 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा और सभी पदाधिकारी मिलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। ला प्रवक्ता दिवाकर सिंह ने कहा कि संगठन को और अधिक प्रभावशाली एवं धारदार बनाने के लिए व्यापक सदस्यता विस्तार आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बढ़ती सदस्यता के साथ पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। वर्तमान में विधानसभा की 5 सीटों पर जीत के बाद आगामी चुनाव में 25 सीटों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही पार्टी संरक्षक जीतन राम मांझी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन के नेतृत्व को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से महिला जिला अध्यक्ष रूबी देवी, रामसेन्ही मांझी, संतोष सागर, अरुण मांझी, राजेश मांझी, मुकेश चौधरी, सुषमा दानी सहित अन्य सम्मानित एवं सक्रिय पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।इस बैठक का समापन संगठन को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ है।

## सिरदला थाना क्षेत्र की अपहृता नरहट से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना क्षेत्र के एक गांव से कथित रूप से अपहृत युवती को पुलिस ने नौ दिन के नवजात शिशु के साथ नरहट थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान अपहरण के आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया गया। नकारी के अनुसार, युवती के परिजनों द्वारा 28 जनवरी 2026 को अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस संबंध में सिरदला थाना कांड संख्या 29/26 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को बरामद कर लिया। रामदगी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। दोनों युवक-युवती को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा में बयान दर्ज कराने हेतु भेजा गया है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह का निधन, लोगों में शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज

दावथ। दावथ ग्राम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह की असमय मृत्यु से कार्यकर्ताओं व लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वे विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बिनोद कुमार सिंह भाजपा में विगत दो दशक से ज्यादा दिनों तक भाजपा के सच्चे सिपाही की तरह अपने कर्तव्यों की निर्वाहन करते आ रहे थे। वे भाजपा के मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष समेत कई पदों पर रहते हुए भाजपा के लिए तन मन से काम किए हैं। वे एक कर्मठ, जुझारू और ईमानदार नेता थे। बिनोद कुमार सिंह के निधन पर काराकाट विधानसभा पूर्व विधायक राजेश्वर राज ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रो बलिराम मिश्रा,भाजपा नेता गुड्डू सिंह, मुन्ना कुशवाहा, उसरी पैक्स अध्यक्ष सह भाजपा नेता ज्योति प्रकाश, डेढगाव पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, सेमरी पैक्स अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, भाजपा के नागरिक राज्य परिषद अध्यक्ष पुष्पा चौहान, जदयू के गंगा सिंह, समाजसेवी जितेंद्र पांडे, शंभू नाथ मिश्रा, भोलानाथ मिश्र, प्रकाश चतुर्वेदी, हरिहर राय, रामजी राय,समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### कोचसः नए साल पर पिकनिक से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, डेढ़ माह बाद अज्ञात वाहन पर केस

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। थाना क्षेत्र के क्रांति पथ स्थित ओझवलिया मोड़ पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना नए साल के दिन हुई थी। मामले में करीब डेढ़ माह बाद परिजनों के आवेदन पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी 2026 की शाम करीब पांच बजे शिवकुमार सिंह (पिता– राधाकिशुन सिंह), निवासी वार्ड संख्या–4, कोचस, पिकनिक मनाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। ओझवलिया मोड़ के समीप पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में था। दाह संस्कार के उपरांत 18 फरवरी 2026 को मृतक के पिता ने कोचस थाना में आवेदन देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम पूर्व में ही करा लिया गया था। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी संख्या 46/26 भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 106(1) के तहत दर्ज कर आवश्यक कागजी कार्रवाई की जा रही है। अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी है।

### कोचस : शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। शादी के नाम पर ठगी और फर्जीवाड़ा करने के मामले में कोचस थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि कोचस थाना कांड संख्या 47/26, दिनांक 18 फरवरी 2026 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आलोक में कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सतेन्द्र चौहान (40 वर्ष) पिता जोधन चौहान, ग्राम सुगहर, थाना राजपुर, जिला बक्सर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और साक्ष्य के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त पर फर्जी तरीके से शादी कर आर्थिक लाभ लेने का आरोप है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए सासाराम न्यायालय भेजा जा रहा है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शाहिद अरविंद कुमार का 24 वां शहादत दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कहूआरा गांव में 11:00 बजे शहीद अरविंद कुमार सिंह का 24 वां शहादत दिवस मनाया गया । सिपाही अरविंद कुमार सिंह ने ऑपरेशन पराक्रम के दौरान पंजाब क्षेत्र में राष्ट्र की सुरक्षा हेतु दिनांक फरवरी 2002 को अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनके शहादत पर 1 मिनट का मौन धारण किया गया ।मौके पर सूबेदार सुहेन्द्र सिंह, सूबेदार हरेंद्र सिंह , भूत पूर्व सैनिक संघ काराकाट प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय,काराकाट प्रखंड सचिव अशोक कुमार सिंह ,वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, एम कहूआरा पंचायत के मुखिया योगेंद्र सिंह एवं सरपंच लक्ष्मण सिंह तथा ग्रामीण जनता सिपाही अरविंद कुमार सिंह को अमर रहे –अमर रहे कि उद्घोष लगाया गया और उनके शहीद स्मारक पर फूल मालाओं से अर्पण किया गया जय हिंद ,जय भारत, वंदे मातरम , का उद्घोष किया गया दीप प्रज्वलित कर सहित आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

### नगर पंचायत में महिला से बदसलूकी, आरोपी पर एफआईआर

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। नगर पंचायत क्षेत्र में एक महिला से बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के आवेदन पर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वार्ड संख्या चार की निवासी नेहा कुमारी ने थाना को दिए लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि वार्ड चार के ही रहने वाले मनोज कुमार ने उनके साथ गलत नीयत से व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की, गाली–गलौज की तथा मोबाइल नंबर मांगते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जा रही है।

# सासाराम बनेगा सुपर जंक्शन- सात अरब का मेगा रेल प्रोजेक्ट

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले का सासाराम जल्द ही बड़े रेल हब के रूप में विकसित होने जा रहा है। यहां लगभग ₹7 अरब की लागत से नया रेल जंक्शन / रेल हब तैयार किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और माल ढुलाई क्षमता में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

**क्या है 7 अरब का मेगा रेल प्रोजेक्ट ?:** सासाराम के पास कर्मडिहरी गांव के आसपास नया सासाराम नॉर्थ जंक्शन बनाया जा रहा है। यह जंक्शन शहर से करीब 5 किमी दूर विकसित किया जाएगा। इसमें दो बड़े प्लेटफॉर्म (लगभग 700 मीटर लंबाई) बनाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म पर शेड, फुटओवर ब्रिज और अन्य आधुनिक यात्री सुविधाएं होंगी। साथ में रेल फ्लाईओवर (RFO) और अन्य स्ट्रक्चर भी बनाए जा रहे हैं।

**क्यों अहम है यह प्रोजेक्ट:** यह जंक्शन कई रेल लाइनों को जोड़कर सासाराम को क्षेत्रीय रेल हब बना सकता है। नई संरचना से यात्री ट्रैफिक और मालगाड़ी संचालन दोनों तेज होंगे। पश्चिमी बिहार के औद्योगिक और व्यापारिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**आसपास चल रहे अन्य बड़े रेल प्रोजेक्ट (सपोर्टिंग फैक्ट):** आरा–



सासाराम रेल लाइन दोहरीकरण (₹700 करोड़) पर भी तेजी से काम चल रहा है। यह करीब 110 किमी लाइन को डबल ट्रैक बनाएगा, जिससे ट्रेन स्पीड और फ्रीक्वेंसी बढ़ेगी। इससे पश्चिम बिहार में यात्री और माल ढुलाई दोनों आसान होंगे।

**रेल फ्लाईओवर से क्या फायदा होगा:** सासाराम रेल फ्लाईओवर से फ्रेट कॉरिडोर और पैसेंजर ट्रेन ऑपरेशन में रुकावट कम होगी। इससे ट्रेन मूवमेंट ज्यादा स्मूथ और तेज होगा।

**निष्कर्ष:** सासाराम में नया जंक्शन, फ्लाईओवर और लाइन डबलिंग जैसे प्रोजेक्ट मिलकर इसे भविष्य में पश्चिम बिहार का प्रमुख रेलवे ट्रांजिट पॉइंट बना सकते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था, उद्योग, रोजगार और यात्रियों को सीधा फायदा मिलने की संभावना है।

## कारवांदिया में बन रहे नए जंक्शन से चोपन तक नई रेल लाइन जोड़ने की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** कारवांदिया क्षेत्र में कर्मडीया के पास बन रहे नए रेल जंक्शन को लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के विकास की दृष्टि से इसे एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल माना जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय स्तर पर यह मांग भी जोर पकड़ रही है कि इस नए जंक्शन से एक अतिरिक्त रेल लाइन निकालते हुए डेहरी–बंजारी मार्ग को जोड़कर सीधे चोपन तक संपर्क स्थापित किया जाए।

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि करवांदिया से ही प्रस्तावित नया सासाराम जंक्शन प्रारंभ होकर चोपन तक रेल लाइन को जोड़ा जाता है, तो यह न केवल यात्री आवागमन को सुगम बनाएगा बल्कि माल ढुलाई के क्षेत्र में भी बड़ी क्रांति ला सकता है। इससे रेलवे को राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है।

इस प्रस्तावित रेल संपर्क से रोहतास जिले के कई महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों — जैसे रोहतासगढ़ किला, तुतला भवानी धाम, अमला भवानी तथा महादेव खोह — तक पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटन को नया आयाम मिल सकता है। साथ ही क्षेत्र में उपलब्ध खनिज संसाधनों के बेहतर परिवहन से औद्योगिक गतिविधियों और व्यापार को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह रेल परियोजना विकास, रोजगार और क्षेत्रीय संतुलन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उन्होंने माननीय रेल मंत्री और स्थानीय सांसद से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की अपील की है, ताकि रोहतास और आसपास के इलाकों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

## विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया को किया गया सम्मान प्रदान



लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल तेंदुनी चौक बिक्रमगंज ने रोहतास जिले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।विद्यालय को जिले का "सबसे स्वच्छ एवं हरित विद्यालय" घोषित किया गया है ।यह सम्मान न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है ।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रोहतास के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) रोहित रौशन द्वारा विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया को प्रदान किया गया । सम्मान ग्रहण करते हुए प्राचार्या ने इसे विद्यालय परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया ।प्राचार्या ने जिला के संबंधित वरीय अधिकारी समेत जिला प्रशासन को साधुवाद दी है । विद्यालय परिसर की उत्कृष्ट स्वच्छता व्यवस्था, सुसंगठित कचरा प्रबंधन प्रणाली, हरित वातावरण, नियमित पौधारोपण अभियान तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है । बच्चों को स्वच्छता का व्यवहारिक प्रशिक्षण देने और हर कक्षा में हरित सोच को बढ़ावा देने की पहल ने विद्यालय को अन्य संस्थानों से अलग पहचान दिलाई है ।सम्मान की घोषणा होते ही विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई । शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इसे सामूहिक परिश्रम और सकारात्मक सोच की जीत बताया ।यह उपलब्धि न केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर ले गई है, बल्कि अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी है । विद्यालय प्रबंधन ने संकल्प लिया है कि स्वच्छता और हरियाली की यह मुहिम आगे भी पूरे जोश और समर्पण के साथ जारी रहेगी ।

## बिक्रमगंज : सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, दो युवक जख्मी

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज-दिनारा मुख्य मार्ग पर बुधवार की देर रात करीब नौ बजे सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि दो युवक जख्मी हो गए ।सूत्रों के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि अज्ञात वाहन बिक्रमगंज की ओर से दिनारा तरफ जा रही थी, जबकि एक ही बाइक पर सवार महिला समेत तीन लोग दिनारा की ओर से अपने गांव नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असियां आ रहे थे ।उसी क्रम में महरोड़ गांव के समीप अज्ञात वाहन ने सामने से आकर बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी ।घटना को अंजाम देकर वाहन चालक वाहन को लेकर फरार हो गया ।

मिली सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए मृत महिला के शव को कब्जे में लेते हुए दोनों जख्मी युवक को दिनारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के लिए पहुंचाया । जहां अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों जख्मी युवकों का प्राथमिक इलाज शुरू कर दी । जिनका इलाज अभी चल रहा है । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मृत महिला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असियां निवासी मदन ठाकुर के 63 वर्षीय पत्नी सोना देवी बताई जाती हैं । जबकि जख्मी युवक मृत महिला के पुत्र चितरंजन ठाकुर और दूसरा युवक उसी गांव के अक्षय कुमार बताया जाता है । उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है । श्री कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है ।उन्होंने बताया कि उक्त मामले में अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है

## राजेंद्र विद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती की धूम, नन्हे अर्णव ने शिवाजी के वेश में जीता सबका दिल

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** शहर के एकमात्र आसीएसई संबद्ध शिक्षण संस्थान, राजेंद्र विद्यालय में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 3 की शिक्षिका मिस मानसी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती गीता सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए एक यादगार भाषण दिया।

उन्होंने शिवाजी महाराज के अदम्य साहस और उनके नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका



जीवन हमें स्वाभिमान और राष्ट्र सेवा की सीख देता है। वहीं, विद्यालय के प्रधानाचार्य नब्येंदु बिस्वास ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने



शिवाजी महाराज की कुशल प्रबंधन क्षमता और उनकी दूरदर्शिता के बारे में बताते हुए छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कक्षा 3 के अर्णव बने आकर्षण का केंद्र। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 3 के छात्र अर्णव रहे।

अर्णव ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मंच पर उनकी वीरता को जीवंत कर दिया। उनकी शानदार प्रस्तुति और प्रभावशाली भूमिका ने सभा में मौजूद सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र- छात्राओं ने शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी वीरगाथाओं और कविताओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरा विद्यालय परिसर 'जय भवानी, जय शिवाजी' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

## बिक्रमगंज :नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ भव्य भंडारे के साथ संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** स्थानीय नगर के स्टेशन रोड स्थित नया बस पड़ाव के सामने मौनी बाबा आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का समापन गुरुवार को भव्य भंडारे और पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया । श्री श्री 1008 श्री मौनी बाबा के शिष्य श्री गिरवर लाल जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया ।

नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन वेद मंत्रों की गूंज, हवन- पूजन और भजन-कीर्तन से वातावरण धर्ममय बना रहा । बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि



और मंगलकामना की प्रार्थना करते रहे ।समापन दिवस पर आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर महायज्ञ का महाप्रसाद ग्रहण किया । आश्रम परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं । इस अवसर पर श्री गिरवर लाल जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण का माध्यम है ।उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया ।महायज्ञ और भंडारे की भव्यता ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया ।

## जिला पदाधिकारी द्वारा 4 आम लोगों से किया गया साक्षात्कार

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा दैनिक साक्षात्कार कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 04 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। इस क्रम में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न समस्याओं एवं आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

साक्षात्कार के दौरान आवेदक श्री अभिनव कुमार सिन्हा, कार्यपालक सहायक, प्रखंड चेनारी द्वारा कार्यपालक सहायक पद पर पुनः योगदान कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त आवेदन की जांच कर अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई हेतु स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में श्रीमती सुनिता देवी, पति – सिकन्दर राम द्वारा मौजा ठोरसन स्थित खाता संख्या 13/14, प्लॉट संख्या 185 एवं 186, रकबा साढ़े 6 डी० भूमि के दाखिल-खारिज से संबंधित समस्या से अवगत कराया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता, सासाराम द्वारा पूर्व में दाखिल-खारिज किए जाने के बावजूद अंचल अधिकारी, करगर द्वारा दाखिल-खारिज नहीं किए जाने की शिकायत पर जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता, सासाराम को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

आवेदक श्री राशित सलीम, बी०सी०एम०, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नासरीगंज द्वारा निलंबन से मुक्त किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया, जिसे नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु उप विकास आयुक्त, रोहतास, सासाराम को भेजा गया।

वहीं, आवेदिका श्रीमती शांति देवी, ग्राम – चकिया, पोस्ट – पहलेजा, डिहरी द्वारा भूमिहीनता से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे समुचित कार्रवाई हेतु पी०जी०आर०ओ० को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त शेष सभी प्राप्त आवेदनों को भी शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिला पदाधिकारी द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु नियमित रूप से दैनिक साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## पदुम्सी डिहरा गांव में विद्युत विभाग की छापेमारी, मीटर बायपास कर बिजली चोरी करते चार पर प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**कोचस।** राजस्व क्षति पर सख्ती बरतते हुए विद्युत विभाग की टीम ने एलटीएफ के साथ संयुक्त अभियान चलाकर पदुम्सी डिहरा गांव में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते चार उपभोक्ताओं को रंगेहाथ पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तथा आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

विद्युत विभाग के एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच के लिए जेई राहुल रंजन को गांव भेजा गया था। जांच में दिनेश राय मीटर बायपास कर बिजली उपयोग करते पाए गए, जिन पर 12,332 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार रामप्रवेश राम पर 11,000 रुपये, जमुना राम पर 10,990 रुपये तथा खखनू तिवारी पर 15,374 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया। सभी आरोपितों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

एसडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विभागीय राजस्व की क्षति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमित अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा 125 यूनिट तक बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी स्थिति में बिजली चोरी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें और विभागीय नियमों का पालन करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रिड्यूस रियूज रिसाइकल आरआरआर सेंटर का उद्घाटन हुआ

लोकतंत्र की आवाज

**नासरीगंज।** नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में नगर पंचायत द्वारा रिड्यूस रियूज रिसाइकल आरआरआर सेंटर का उद्घाटन मुख्य पार्षद शबनम आरा, उपमुख्य पार्षद कलावती देवी व ईओ विकास कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य पार्षद ने कहा कि पर्यावरण स्थिरता और मानव कल्याण के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सेंटर ना केवल शहर के कचरे को कम करने में मदद करेगा बल्कि जरूरतमंदों के लिए भी एक संसाधन साबित होगा। यदि किसी के घर में कोई सामान उपयोग में नहीं है तो वह इसे यहां दान कर सकते हैं, जिससे अन्य जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

यह पहल केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। उपमुख्य पार्षद कलावती देवी ने कहा कि स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस सेंटर की शुरुआत की गई है। यह केंद्र नगर में अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ करने



तथा स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के बेकार सामानों को यहां देकर वेस्ट सामानों का रीसाइकिल में सहयोग करें। ईओ विकास कुमार ने बताया कि इस केंद्र पर कोई भी शहर वासी अपने घर की अनुपयोगी वस्तु जैसे बसे कपड़े, जूते, चप्पल, बर्तन, पुस्तके, खिलोने, बिस्तर इत्यादि यहां पर जमा करवा सकते है एवं कोई भी जरूरतमंद शहर वासी यहां से अपनी आवश्यकता की वस्तु प्राप्त कर सकते



है। मौके पर वार्ड पार्षद संतोष कुमार, अजय कुमार, सुभाष चौधरी, अजमेरी कुरैसी, शमशाद अहमद परसवी, स्वच्छता पदाधिकारी सोनी राज, नगर कर्मी योगेंद्र कुमार, देवमुनि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन, कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

गिद्धौर। प्रखंड अंतर्गत इचाक गांव में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा इचाक देवी मंडप से प्रारंभ हो कर महाने नदी तक पहुंची ।जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ कलश में पवित्र जल भरा गया ।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने माथे पर कलश धारण किया। एवं इस इलाके का सभी गांव के श्रद्धालु भक्ति भजन और जयकारों के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर आगे बढ़ते रहे ।जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ का आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं लोककल्याण की कामना के लिए किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। तथा प्रतिदिन पूजा-अर्चना, हवन एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महायज्ञ को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है ।और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है ।आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने की अपील कीया है।

### पाण्डेयपुरा हाई स्कूल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिंह का निधन



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

हंटरगंज। पाण्डेयपुरा स्कूल स्कूल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिंह का बुधवार की रात निधन हो गया। वे अंतिम सास लगभग 65 उम्र ली,पिछले एक वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे इनका इलाज दिल्ली दिन दयाल अस्पताल में इलाज चल रहा था और अपने पैतृक गेंजना पंचायत के नावाडीह गांव निवासी थे, वे फिलहाल दिल्ली में सह परिवार के साथ रह रहे थे,उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पीछे पत्नी तीन पुत्र है भाई सहित भरे पूरे परिवार को छोड़ चले गए, वे अपने समय के अच्छे खिलाड़ी एवं फुटबॉल के कुशल रेफरी एवं अंपायर रहते हुए खेल के बहुत बढ़ावा देने में इनका सहयोग हमेशा याद किया जाएगा ,धार्मिक क्षेत्र में मंदिर निर्माण, में बढ़ चढ़कर तन मन धन से सहयोग किया करते थे,इन्होंने नावाडीह में शिव मंदिर एवं देवी मां के मंदिर में अपना अहम योगदान दिया समाज के प्रति विकास एवं धर्म को आगे बढ़ाने में उनकी सेवा हमेशा याद किया जाएगा उनके परिजनों ने बजाया की उनका अंतिम संस्कार गया जी विष्णुपद मंदिर के निकट पवित्र फल्गु नदी के तट श्मशान घाट दोपहर आज 2 बजे किया गया।

### कतरास के वार्ड संख्या 02 से पार्षद पद के उम्मीदवार वशिष्ठ चौहान ने बुधवार को क्षेत्र के प्रख्यात मजदूर नेता स्व. बढ़न दास जी की धर्मपत्नी अनार देवी से मुलाक़ात की



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ

धनबाद कतरास । वार्ड संख्या 02 से पार्षद पद के उम्मीदवार वशिष्ठ चौहान (क्रमांक संख्या 7, चुनाव चिन्ह डबल रोटी छाप) ने सोमवार को क्षेत्र के प्रख्यात मजदूर नेता स्वर्गीय बढ़न दास जी के आवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी अनार देवी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आशीर्वाद लिया और वार्ड के समग्र विकास के लिए समर्थन का आग्रह किया। अनार देवी ने वशिष्ठ चौहान को जीत का आशीर्वाद देते हुए कहा कि वार्ड के विकास, मजदूरों और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदार और सक्रिय प्रतिनिधि की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि वशिष्ठ चौहान को मौका मिलता है तो वे क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे। मुलाकात के दौरान स्थानीय समर्थक भी मौजूद थे। वशिष्ठ चौहान ने कहा कि स्वर्गीय बढ़न दास जी ने मजदूरों के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड के हर वर्ग—मजदूर, महिला, युवा और बुजुर्ग—की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के क्रम में हुई इस मुलाकात को क्षेत्र में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार तथा वेतन भुगतान करने की मांग



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह

झारखंड (2026. 02.19)। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्य लेकर वेतन देने से इनकार करना श्रम कानूनों के अनुसार यह गंभीर अपराध है इसमें नियोक्ता को जुर्माना एवं करवास का सामना करना पड सकता है। बाबूजूद इसके कानून को ताक पर रखकर अपने मन काबिल व्यवहार करते हुए गिरिडीह फैक्ट्री एरिया के मँझलाडीह स्थित आदि इस्पात फैक्ट्री में सेक्युरम सिक्युरिटी प्रा. लि. नामक कंपनी के द्वारा कई सुरक्षा गाड्र्स से काम करवाकर उनका बकाया वेतन दिए बगैर उल्टा जान मारने की धमकी देकर अचानक काम से हटा देने के मामले को लेकर पीड़ितों ने आज गिरिडीह मुफस्सिल थाना में एक आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाते हुए वेतन भुगतान कराने की मांग की है। इस बाबत पूर्व जिप सदस्य तथा फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि, कई प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्र्स ने आज उनसे शिकायत की थी कि, उक्त सिक्युरिटी कंपनी द्वारा उनसे काम करवा कर पैसा नहीं दिया गया और धमकी देकर जबरन काम से हटा दिया गया है। उनकी सलाह पर पीड़ित पीड़ितों की ओर से थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। श्री यादव ने कहा कि, कल इसे लेकर श्रम अधीक्षक के यहां भी शिकायत की जाएगी। हर हाल में काम करने वाले सुरक्षा गार्डों को उनका बकाया वेतन दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि, मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण इस तरह के कामगारों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर ठेकेदार और कंपनी के लोग लगातार बेलगाम हो रहे हैं। इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। मौके पर पार्टी नेता मनोज कुमार यादव सहित पीड़ित मजदूर संदीप कुमार राम, प्रवीण कुमार पाण्डेय, विशाल कुमार तिवारी, मंजीत कुमार तिवारी सहित अन्य थे।

# झारखंड आंदोलनकारी चिंहितीकरण आयोग पुनर्गठन करने की मांग

लोकतंत्र की आवाज

■ शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित नहीं करना दुर्भाग्यः पुष्कर महतो

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित ( गजट नोटीफिकेशन)कर सर्वोच्च सम्मान नहीं देने के मामले को झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान बताया है. श्री महतो आज प्रोजेक्ट भवन स्थित गृह विभाग में गृह सचिव श्रीमती वंदना डाडेल से मिलकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन कर झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान देने से संबधित ज्ञापन सौंपाते हुए उक्त की मांग की .

उन्होंने कहा कि अभी तक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का झारखंड आंदोलनकारी के रूप में गजट नोटिफिकेशन नहीं होना दुर्भाग्य की बात है. जबकि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का नाम औपबंधिक सूची 75 वीं में प्रकाशित हो चुका है तथा गृह विभाग में संपुष्टि के लिए 39 वीं सूची भेजा गया है , इसके बावजूद गृह विभाग द्वारा मंजूरी नहीं दिया गया है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन गृह विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर लगकर झारखंड आंदोलनकारी के रूप में सर्वोच्च सम्मान दिया जा सकता है. जरूरत पड़े तो झारखंड आंदोलनकारी चिंहितिकरण आयोग का पुनर्गठन कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत यह सम्मान जरूर दिया जाना चाहिए. साथ ही मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, एन ई होरो, डॉ रामदयाल मुंडा, डॉ बी पी केशरी,जुसेफ लुगुन, सी पी तिर्की,विलियाम लुगुन,टी के रपाज, सोबरन अंसारी, मंजूर हसन, देवेन्द्र माझी,बागुन सुंबराई, बिनोद बिहारी महतो,निर्मल महतो, शक्ति नाथ महतो, सुदर्शन भगत, दूती पाहन, बिसुन महतो,ज्ञान रंजन, डॉ निर्मल मिंज, गोलू अंसारी, अजीत तिग्गा,पूरन चन्द व अन्य अमर पुरोधाओं का नाम गजट नोटिफिकेशन कर राजकीय मान सम्मान दिया जाए.

उन्होंने मांग की कि आज प्रत्येक दिन झारखंड आंदोलनकारी बीमारियों से एवं आकस्मिक रूप से मृत्यु को प्राप्त कर रहे हैं. ऐसे आंदोलनकारियों के आश्रितों के चिंहितीकरण के लिए भी आयोग या झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना जरूरी है. आयोग का गठन कर गलत दस्तावेज एवं अन्य कारणों से चिन्हित हुए लोगों के नाम की समीक्षा की जाए एवं उनका नाम आंदोलनकारी सूची से हटाया जा सके. लंबित संपुष्टि के कार्य तथा आवेदनों का निष्पादन शीघ्रता शीघ्र झारखंड आंदोलनकारी चिंहितिकरण आयोग का गठन कर किया जा सके. उन्होंने कहा कि गृह कारा आपदा निबंधन विभाग द्वारा सभी जिला के उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर झारखंड आंदोलनकारी को सम्मानित करने का आदेश निर्गत किया गया था. रामगढ़ जिला,लातेहार जिला, देवघर, चतरा जिला सहित कई जिले हैं जो अभी तक झारखंड आंदोलनकारियों को समारोह पूर्वक सम्मान पत्र वितरण न करके अपमानित करने का काम किया है.गृह कारा आपदा निबंधन विभाग का आदेश पालन नहीं करने वाले उपायुक्तों पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए.

उन्होंने कहा कि गृह कारा आपदा निबंधन विभाग झारखंड आंदोलनकारी को नियमित रूप से सम्मान पेंशन एवं एरियर का भुगतान हो एवं पेंशन हेड से जोड़ा जाए जिससे आंदोलनकारियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े.राज्य के झारखंड आंदोलनकारी सीधे-साधे, भोले-भाले, सच्चे ईमानदार,गरीब एवं कम पढ़े-लिखे हैं इसलिए गृह कारा आपदा निबंधन विभाग द्वारा सरकार के संकल्प के आलोक में झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान देना प्रखंड से जिला स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए. उनके कार्यों को प्रखंड से लेकर जिला तक शीर्ष प्राथमिकता के साथ निष्पादन सुनिश्चित किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि गृह कारा आपदा निबंधन विभाग जांच अधिनियम 1952 के स्थान पर 2021 से 1938 के तहत क्यों किस आधार पर आंदोलनकारियों का चिंहितीकरण किया गया है यह गलत एवं आंदोलनकारियों के हित में नहीं है इसे रोका जाना चाहिए एवं निरस्त किया जाना चाहिए.स्वतंत्रता सेनानियों एवं पूरे देश भर में अलग राज्य के आंदोलनकारियों के चिंहितिकरण का कार्य गृह कारा आपदा निबंधन विभाग जांच अधिनियम आयोग 1992 के तहत ही होता रहा है.

अगर जांच आयोग अधिनियम 1938 के तहत हुआ तो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ सही सम्मान नहीं होगा.गृह कारा आपदा निबंधन विभाग द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों को संरक्षण की नितांत आवश्यकता है. प्रखंड एवं जिला स्तर पर आंदोलनकारी अपमानित किए जाते हैं. सम्मान नहीं दिया जाता है तथा उनके आश्रितों को पारिवारिक सूची बनाने एवं अन्य कार्यों में सहायता नहीं दिया जाता है, महुआटाड़ अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय में पारिवारिक सूची के नाम से 500- 500 रु.घूस लिया जाता है. घूस लेकर भी अपुष्ट पारिवारिक सूची दिया जाता है.ऐसे में विभाग के द्वारा संरक्षण की नितांत आवश्यकता है. रामगढ़, देवघर, चतरा के उपयुक्त मनमाना करते हैं.

जिला स्तर पर कारा अधीक्षक द्वारा भी कारा समसीमन प्रमाण पत्र देने में विलंब किया जाता है इस व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान से जी सके इसके लिए सम्मान पेंशन राशि 50-50 हज़ार रु सहज रूप से दिया जाना चाहिए.सबसे जरूरी निशुल्क मेडिकल व समूह बीमा दिया जाए एवं अंतर राज्य यात्रा कूपन सुलभ कराया जाए, उक्त संदर्भ में गृह विभाग द्वारा बजटीय प्रावधान किया जाए।

# माय-कोरवा भासा 'खोरठा' पढ़ा आरो पढ़ावा, अपन खांटी संस्कृति बढ़ावा

लोकतंत्र की आवाज

■ अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस अभिन्दन, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस करा पैगाम, अपन भासा अपन पह्चान

बगोदर गिरिडीह (झारखंड) । संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष महासभा ने दुनिया की सभी मातृभाषाओं के समुचित संरक्षण और सशक्त विकास के लिए 21 फ़रवरी को "अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" घोषित किया है. जिसका उद्देश्य- सभी समुदायों/सम्प्रदायों की भाषाई सांस्कृतिक पहचान को सम्मानजनक मान्यता स्थापित करना. मातृभाषा के उचित संरक्षण और विकास के लिए उसके पठन-पाठन एवं साहित्य-सांस्कृतिक लेखन को व्यापक गति देना. सबसे बढ़कर दुनिया भर में फैली "बहु सामाजिक भाषा-संस्कृति की परम्परा" को वैश्विक मान्यता प्रदान करते हुए उसकी संरक्षा-सम्मान के लिए सरकारों और नगरिक समाज को तत्पर बनाना.

21 फ़रवरी 1952 में बंगलादेश (ढाका विश्वविद्यल) में अपनी मातृभाषा की मान्यता के लिए हजारों-हज़ार की संख्या में प्रदर्शन किया तो सेना ने गोली चला दी थी. जिसमें सैंकड़ों घायल और कई छात्र शहीद हो गए. मातृभाषा के सम्मान के लिए शहादत देने वाले छात्रों की याद में हर साल 21 फ़रवरी को 'शहादत-संकल्प दिवस' के माध्यम से "मातृभाषा दिवस" मनाने की परम्परा शुरू की गयी. धीरे-धीरे दुनिया के कई देशों में भी इस दिवस को मनाते हुए अपनी मातृभाषा की महत्ता स्थापित करने की परम्परा बढ़ने लगी. दुनिया की भाषाई-सांस्कृतिक विविधता के लिए यूनेस्को के महासम्मेलन से 17 नवम्बर' 1999 को 21 फ़रवरी को "अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" की मान्यता दी गयी. यूनेस्को के आह्वान पर 21 फ़रवरी 2000 को पूरी दुनिया में पहली बार "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" पुरे जोशो-खरोश के साथ मनाया गया. बाद में संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष महासभा से इसे मान्यता देते हुए- दुनिया में फैली मातृभाषाओं के साथ होनेवाले "भेद-भाव और भाषाई असमानता" को समाप्त करने के लिए सभी देश की सरकारों और नागरिक समाज से जवाबदेह सक्रियता का आह्वान किया गया. साथ ही इस बात का सन्देश दिया गया कि- "भाषा सिर्फ आपसी संवाद का साधन नहीं बल्कि हर मनुष्य की संस्कृति, पहचान और सभ्यता" का प्रतिक है. आइये, दुनिया में आने के बाद सबसे पहले अपनी मां की कोख में सुनने-सीखनेवाली मातृभाषा के सम्मान को हम एकजुट होकर स्थापित करें !

"हाईटेक विकास" और "एडवांस होने" के नाम पर "मातृभाषाओं की उपेक्षा" और उसे समाप्त करने की साजिशों का जाने-अनजाने हिस्सा न बनें ! अपनी मातृभाषा के सम्मान और गौरव को स्थापित करने के लिए "अपनी मातृभाषा में बोलें-बतियाएं, पढ़े-लिखें और पढ़ायें, भाषा के नाम पर फूट डालने वालों को परे हटायें !" हमारी मातृभाषा, हमारी पहचान !, मातृभाषा आधार जहाँ, हर भाषा उपहार वहां ! आवा, हामिन भी अपन मायेक-कोरवा भासा "खोरठा" के खूबे पढ़ऽ आरो पढ़ावा इके आगे बढ़ावा !

## गिरिडीह नगर निकाय चुनाव अंतर्गत वार्ड नंबर 13 में बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ गिरिडीह

झारखंड (2026.02.19)। जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे तिथि पूर्व सारे आवश्यक कार्य पूरे किए जा रहे हैं इसी अंतर्गत 18 .2.2026 को वार्ड नंबर 13 में BLO श्रीमति श्रुति माला द्वारा एक स्थान पर बैठ मतदाताओं के घर मतदाताओं से सूचना भिजवा कर मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। एस आइ आर के विषय में मौखिक रूप से उन्होंने कहा कुछ और दिन लगेंगें कार्य पूर्ण हो जाएगा इसमें मतदाताओं द्वारा भी अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। हालांकि गौर किया जाए तो ऐसे भी मतदाता मौजूद है जो इस वार्ड में पूर्व में थे और अभी वर्तमान विवाह उपरांत अपने ससुराल चली गई हैं।

# विस्थापन कि समस्या का समाधान के लिए धरने पर बैठे पुर्व मंत्री योगेंद्र साव व पूर्व विधायक निर्मला देवी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ

हजारीबाग (झारखंड) ।गुरुवार की दोपहर चट्टी बरियातू कोल माइंस इलाके में अचानक माहौल गरमा गया। धरना स्थल पर बैठे पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव को पुलिस ने घेर लिया और कुछ ही देर में कस्टडी में ले लिया। उनके साथ पूर्व विधायक निर्मला देवी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। यह पूरी कार्रवाई दोपहर करीब तीन बजे हुई और देखते ही देखते इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

योगेन्द्र साव 31 दिसंबर 2025 से एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। गुरुवार को वे दिल्ली से लौटकर धरना स्थल पहुंचे ही थे कि पुलिस की टीम वहां आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुलिस पहले से तैयारी में थी।कुछ देर बातचीत हुई, लेकिन फिर उन्हें हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठा दिया गया। समर्थकों ने नारेबाजी की, माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को काबू में कर लिया गया।

**कई थानों में दर्ज हैं मामलेः** सूत्रों के अनुसार, बड़कागांव, केरेडारी और पगार ओपी समेत कई थानों में योगेन्द्र साव के खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं। पुलिस इन्हीं मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। निर्मला देवी को भी संबंधित प्रकरणों में हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तारी पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है।

**दिल्ली से लौटते ही कार्रवाई :** गौरतलब है कि गिरफ्तारी से ठीक पहले योगेन्द्र साव अपनी बेटी और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ दिल्ली गए थे। वहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। दिल्ली से लौटने के कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने यह कार्रवाई कर दी। इस घटनाक्रम ने सियासी हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। समर्थक इसे राजनीतिक दबाव बता रहे हैं, जबकि विरोधी दल कानून की कार्रवाई कह रहे हैं।

**इलाके में बढ़ी हलचलः** गिरफ्तारी की खबर फैलते ही आसपास के इलाकों में हलचल तेज हो गई। कई समर्थक थाने की ओर जुटने लगे। प्रशासन ने एहतियातन अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। फिलहाल, दोनों नेताओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में डालसा का विशेष विधिक जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख

साहेबगंज। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों को मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता – डालसा का आश्वासन

कार्यक्रम के दौरान आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, मुआवजा प्राप्ति की प्रक्रिया तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। डालसा टीम ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति में पीड़ित व्यक्तियों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया एवं संबंधित विभागों से संपर्क की विधि भी समझाई गई। कार्यक्रम में बैनर के माध्यम से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार का कार्यालय के संपर्क नंबर 9471521725 की जानकारी दी गई, ताकि जरूरतमंद लोग सीधे संपर्क कर सकें। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, दुर्घटना या विवाद की स्थिति में निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ अवश्य लें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना तथा विधिक जागरूकता के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाना रहा। डालसा ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आमजन अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर न्यायिक सहायता का लाभ उठा सकें।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज़



निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

इटखोरी (चतरा)। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थली इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन संयुक्त रूप से मंत्री राधा कृष्ण किशोर , मंत्री योगेंद्र प्रसाद, सांसद कालीचरण सिंह,चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक कुमार उज्वल ने दीप प्रज्वलित कर गुब्बारा उड़ाकर किया ।मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सांसद कालीचरण सिंह ने मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।

उद्घाटन में मंत्रियों ने कहा कि हम सब चाह लेंगे तो राजकीय महोत्सव जल्द ही राष्ट्रीय महोत्सव घोषित कर दिया जाएगा। इसके लिए सांसद को लोक सभा में बात रखने की बात भी कही। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि मैने केंद्र सरकार से राजकीय इटखोरी महोत्सव को राष्ट्रीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए अनुरोध किया है। जल्द ही राजकीय महोत्सव राष्ट्रीय महोत्सव घोषित किया जा सकता है ।सिमरिया विधायक कुमार उज्वल ने कहा कि इस क्षेत्र में विकाश की असीम संभावनाएं है।

पर्यटन के क्षेत्र से भी इस क्षेत्र का विकाश किया जा सकता है। साथ ही शाम को मुहाने घाट पर बनारस के पंडितों द्वारा गंगा आरती का आयोजन भी किया गया। उपायुक्त कीर्ति श्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल स्वयं कमान संभाले हुए थे। एस पी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए है। श्रद्धालुओं के लिए । कई विभागों द्वारा स्टाल भी लगाया गया है। संगोष्ठी के लिए भी अलग पंडाल बनाया गया है।

इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के चेयरमैन जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिप उपाध्यक्ष, ब्रज किशोर तिवारी, जे एम एम जिला अध्यक्ष निलेश ग्यासेन, जिप अध्यक्ष सरिता देवी,प्रमुख प्रिया कुमारी,समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# धनबाद के मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह सिजुआ 10 नम्बर में भव्य स्वागत-समाजसेवी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुआ

लोकतंत्र की आवाज़




पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ

धनबाद कतरास । सिजुआ 10 नंबर मोड़ मे 18 फरवरी 2026 बुधवार को धनबाद नगर निगम के मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह का व्यापक जनसंपर्क एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित सभा के दौरान समाजसेवी प्रकाश सिंह सहित स्थानीय समर्थकों ने संजीव सिंह का माल्यार्पण करते हुए भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समर्थक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संजीव सिंह ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आशीर्वाद और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तथा नगर के विकास, स्वच्छता, जलापूर्ति, सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**जनता से अपीलः** संजीव सिंह ने नगर निगम चुनाव में अपने चुनाव चिन्ह "ऊन व सिलाई मशीन (क्रम संख्या 28)" पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से धनबाद नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने धनबाद पहुंचकर दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो को अपने पत्नी के साथ दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज़



झारखंड । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी गांडेय विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन आज धनबाद जिले के बलियापुर (बड़ादाहा) पहुंचे। वे यहां सिन्दरी के पूर्व विधायक आनंद महतो के आवास पर उनके दिवंगत पुत्र डॉ. बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें गहन श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हो तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति मिले। विधायक कल्पना सोरेन ने भी दिवंगत की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं विधायक ने पूर्व विधायक श्री आनंद महतो एवं उनके परिवारजन से मुलाकात की, गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। कार्यक्रम में बगोदर के पूर्व विधायक कॉमरेड विनोद सिंह, निरसा के विधायक कॉमरेड अरुप चटर्जी, विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं परिजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस बीच भारी सुरक्षा बल तैनात था ।इस गरिमामयी उपस्थिति के दौरान डीसी आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, प्रतिमा कुमारी, सिंदरी डीएसपी आशुतोष सत्यम, थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, बीडीओ प्रभाष चन्द्र दास, सीओ मुरारी नायक इसके अलावा राजनीति दलों में विधायक अरूप चटर्जी, चेयरमैन शारदा सिंह, मेयर प्रत्याशी चन्द्रशेखर अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक फुलचंद मंडल, पूर्व विधायक राजकुमार यादव झरिया विधायक रागिनी सिंह भाजपा के नेतृत्व तारा देवी, पूर्व अध्यक्ष विजय झाझामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, रमेश टुडू, मुकेश सिंह, देबू महतो, प्रमुख पिंकी देवी, जिप सदस्य श्वेता कुमारी, जिप सदस्य लक्ष्मी मुर्मू, रेखा मंडल, हलधर महतो, प्रखंड अध्यक्ष हैदर अली, विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता, विधायक प्रतिनिधि देवाशीष पांडेय, विधायक प्रतिनिधि मुश्ताक आलम,फागू प्रमाणिक, निर्मल रजवार, राजेंद्र किस्कू, समीर कुमार मुर्मू, अब्दुल कादिर, सपन बनर्जी, युद्धेश्वर सिंह, राजेंद्र हेम्ब्रम, जगदीश अग्रवाल, मिट्ठू सरिया, कुलदीप अग्रवाल, मनमोहन ग्रोवर, विजय रजक, सफीक अंसारी कृष्ण पौधों महतो सुनील महतो रफीक अंसारी, कृष्णा दा, आमोद बाउरी, बबलू बाउरी, अरविंद महतो, उत्तम महतो, गौतम महतो आदि शामिल थे।दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो पूर्व विधायक आनंद महतो के सुपुत्र एवं वर्तमान सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के छोटे भाई थे।

## संक्षिप्त खबरें।

### इंटर-स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए कैमूर के सात युवा चयनित, 29 को उड़ीसा के होंगे रवाना



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। जिले के लिए गर्व का विषय है कि इंटर—स्टेट यूथ एक्सचेंज कल्चरल प्रोग्राम के अंतर्गत कैमूर से सात प्रतिभाशाली युवाओं का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागी उड़ीसा राज्य के गंजाम जिले में आयोजित सांस्कृतिक आदान—प्रदान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 20 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा, जबकि सभी प्रतिभागी 19 फरवरी को गंजाम के लिए रवाना हुए। चयनित युवाओं में विकास कुमार पाण्डेय, आराध्या सिंह, अभय कुमार, आनंद कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार चौरसिया, अनुष्का चौरसिया एवं उत्कर्ष सिंह शामिल हैं। ये सभी युवा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, परिचर्चाओं और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उड़ीसा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, पारंपरिक वेशभूषा, स्थानीय व्यंजनों और सामाजिक जीवन शैली को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। साथ ही विभिन्न राज्यों से आए युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर राष्ट्रीय एकता, भाईचारा और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सुशील करौलिया एवं समाजसेवियों ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### चार और छह साल से लापता लोगों को पुलिस अब भी तलाश में जुटी

लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। भभुआ थाना क्षेत्र में दो अलग—अलग मामलों में घर से निकले लोग वर्षों बाद भी वापस नहीं लौटे हैं। एक मामले में चार साल और दूसरे में छह साल बीत जाने के बावजूद अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी हुई है। पहला मामला भभुआ वार्ड संख्या 11 स्थित जायका गली का है। यहां के निवासी जितेंद्र उपाध्याय ने थाना में आवेदन देकर बताया कि उनके चाचा पारसनाथ उपाध्याय, पिता स्वर्गीय भरत उपाध्याय, 26 नवंबर 2022 को घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की, मगर उनका कोई पता नहीं चल सका। चार वर्ष बीत जाने के बाद भी परिवार उनके लौटने की उम्मीद लगाए बैठा है। दूसरा मामला वार्ड संख्या 13 से जुड़ा है। फिरोज खान ने आवेदन में बताया कि उनकी बबुरा स्थित इंजीनियरिंग वर्कशॉप में भगवानपुर थाना क्षेत्र के कोचाड़ी गांव निवासी नथुनी राम का 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार काम करता था। 26 सितंबर 2020 को उसे मोटरसाइकिल देकर पटेल चौक स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान पर भेजा गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। शाम तक घर भी नहीं पहुंचा। छह साल बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है। थाना में पदस्थापित एसआई संजीत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस लगातार तलाश कर रही है।

### रामगढ़ विधानसभा के इतिहास में पहली बार जोरार दलित बस्ती का ज्वलंत मुद्दे गुंजे



लोकतंत्र की आवाज
विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। रामगढ़ विधानसभा की ज्वलंत मुद्दे बिहार विधानसभा में करीब 75 वर्षों बाद ग्राम जोरार की दलित बस्ती की ज्वलंत समस्या सदन में गूंज उठी है। पक्की सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की दिशा में बढ़ती नजर आ रही है। माननीय विधायक सतीश यादव पिंटू ने इस महत्वपूर्ण जनसमस्या को सदन में मजबूती से उठाया, जिसके बाद बस्ती में खुशी और उम्मीद का माहौल है। बरसात के दिनों में आवागमन की गंभीर समस्या, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने जैसी परेशानियां लंबे समय से ग्रामीण झेल रहे थे। सदन में मुद्दा उठने के बाद लोगों को आशा है कि प्रशासन स्तर पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई होगी। इस जनहित मुद्दे को लेकर युवा समाजसेवी लगातार संघर्षरत रहे हैं। आवेदन, ज्ञापन और जनसमर्थन के माध्यम से उन्होंने बस्ती की आवाज संबंधित विभागों तक पहुंचाई। युवाओं ने विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल दलित बस्ती के सम्मान और अधिकार की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। अब पूरे ग्राम जोरार, प्रखंड मोहनिया (कैमूर) की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सड़क निर्माण कार्य कब से धरातल पर शुरू होता है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वर्षों की प्रतीक्षा अब जल्द समाप्त होगी।

# कैमूरः जिला स्तरीय नियोजन मेले में उमड़ा युवाओं का सैलाब, 346 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर /भभुआ।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देश पर स्थानीय जगजीवन स्टेडियम में गुरुवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री नितिन कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिव्या शक्ति एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

**रोजगार योजनाओं का लाभ उठाने की अपीलः** समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने युवाओं को रोजगार के अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे कुशल युवा कार्यक्रम स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं बिहार छात्र ऋण योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा इन योजनाओं से जुड़कर न केवल अपने कौशल को निखार सकते हैं, बल्कि अपने भविष्य को भी उज्ज्वल और आत्मनिर्भर बना सकते हैं।

**चयन और मार्गदर्शन के मुख्य आंकड़ेः** जिला नियोजन पदाधिकारी श्री दिनेश तिवारी ने मेले की सफलता की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न नियोक्ताओं के पास कुल 1000 रिक्तियां उपलब्ध थीं। जिले भर से लगभग 1444 अभ्यर्थियों ने मेले में सहभागिता की। कुल 695 आवेदकों ने अपना जीवन—वृत्त (बायोडाटा) जमा किया, जिनमें से 346 अभ्यर्थियों को प्रारंभिक रूप से चयनित अथवा सूचीबद्ध किया गया है। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए परामर्श केंद्रों के माध्यम से 1050 आवेदकों को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

**स्वरोजगार के लिए टूल किट का वितरणः** कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ



अधिकारियों द्वारा पूर्व में चयनित 25 लाभार्थियों को स्वरोजगार हेतु 'टूल किट' (उपकरण किट) प्रदान किए गए। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वयं का कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, वरीय उप महालेखाकार, सहायक महालेखाकार सहित जिला प्रशासन के कई अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र—छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड कृषि कार्यालय में मशरुम और बागवानी प्रशिक्षण हेतु आवेदन शुरू, युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार



**लोकतंत्र की आवाज**

**रामगढ़।** स्थानीय प्रखंड के युवाओं और किसान साथियों को आधुनिक खेती व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की गई है। बिहार सरकार के कृषि कौशल विकास मिशन द्वारा के तहत मशरूम उत्पादन और बागवानी के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रखंड कृषि अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य मैट्रिक और इंटर पास ग्रामीण युवाओं को खेती—किसानी के आधुनिक तरीकों को सिखाकर आत्मनिर्भर बनाना है।

**प्रशिक्षण की मुख्य बातें और सुविधाएंः** चयनित युवाओं को जिला मुख्यालय भभुआ में 10 दिनों का गहन आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने की व्यवस्था मुफ्त होगी। साथ ही आने-जाने का यात्रा खर्च भी सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत अभ्यर्थियों को आधिकारिक सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, जो भविष्य में व्यवसाय शुरू करने में सहायक होगा।

**लक्ष्यः** इस बार प्रखंड से कुल 30 युवाओं के चयन का लक्ष्य रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 23 फरवरी 2026 तक अपना आवेदन प्रखंड कृषि कार्यालय या अपने संबंधित पंचायत के कृषि सलाहकार/समन्वयक के पास जमा कर सकते हैं।

योग्यताः आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। मैट्रिक और इंटर पास सर्टिफिकेट।

जरूरी दस्तावेजः आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो।

**प्रखंड कृषि अध्यक्ष अशोक चौधरी का संदेशः** "सरकार की मंशा है कि हमारे क्षेत्र के युवा पारंपरिक खेती के साथ—साथ मशरूम और बागवानी जैसे मुनाफे वाले व्यवसायों को अपनाएं। मेरा किसान भाइयों, बहनों और युवा छात्र साथियों से निवेदन है कि समय रहते आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं।"

## लाखों रुपए का गांजा बरामद एक धंधेवाज गिरफ्तार चाय की दुकान की आड़ में गांजा तस्करी का पर्दाफाश



**लोकतंत्र की आवाज**
**दुर्गावती।** दिल्ली–कोलकाता नेशनल हाइवे–19 पर कर्मनाशा बाजार के पास से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एक दुकानदार द्वारा चाय की दुकान के आड़ में भारी मात्रा में गांजा सप्लाई करने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद दुर्गावती थाना प्रभारी गिरीश कुमार ने पुलिस बल व अंचलाधिकारी सदानंद कुमार के साथ छापेमारी की। दुकान की तलाशी में 2.1 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। गांजा को तराजू व वजन के साथ छिपाकर रखा गया था। मौके पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ जारी है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश करने में जुटी है। गिरफ्तार धंधेवाज लक्ष्मण पांडेय पिता स्वर्गीय रामअवध दास ग्राम खजुरा थाना दुर्गावती जिला कैमूर का निवासी है।

## भभुआ के न्यू स्टेडियम अधौरा में सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट पांचवां दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज

विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नव युवक संघ कमिटी अधौरा के द्वारा सात दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आज पांचवें दिन भव्य आयोजन न्यू स्टेडियम अधौरा में पहला सेमी फाइनल का का मैच खेला गया।मुख्य अतिथि श्री सोबराती मियां पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी विशिष्ठ अतिथि श्री मुन्ना महतो पंजाब नैशनल बैंक अधौरा अमरनाथ सिंह, उमेश यादव भावी मुखिया के गरिमामय उपस्थिति में 15 फरवरी से हो रहे सात दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इस टूनामेंट का शुभारंभ किया गया।

न्यू स्टेडियम अधौरा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नवयुवक संघ कमिटी अधौरा आयोजन कर्ता लव यादव भावी जिला परिषद भाग 17, अधौरा, अध्यक्ष श्रवण यादव के देखरेख में सात दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन न्यू स्टेडियम अधौरा में किया जा रहा है पांचवा मैच पहला सेमी फाइनल मैच फुटबॉल खेल क्लब अधौरा बनाम फुटबॉल क्लब बभनी कला के बीच शानदार रोमांचक मैच खेला गया।पहला हॉफ टाइम में अधौरा की टीम के स्टार खिलाड़ी रजनीश कुमार अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करते हुए एक गोल से आगे वही दुसर हॉफ में अधौरा के खिलाड़ी रंजय यादव के एक गोल वही गोलू यादव एक गोल कुल तीन से अधौरा की टीम तीन शून्य से आगे मैच जारी है 20 फरवरी को दूसरा सेमी फाइनल का मैच फुटबॉल खेल क्लब चैनपुरा बनाम फुटबॉल खेल क्लब गड़के के बीच खेला जाएगा।

मुख्य रेफरी अरशद अली, सहायक संजीत कुमार, सुबास यादव अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का संचालन शौकत अली गद्दी वरीय फुटबॉल खिलाड़ी सह जिला संयोजक, मोहम्मद इम्तियाज अली ने संयुक्त रूप से किया। इस टूनामेंट में बाल ब्याज सलमान अली, सब्बीर खां, अजित कुमार पूरे खेल के दौरान आकर्षक का केंद्र बिंदु थे इस मौके पर मोनू कुमार सोनी, बिरजू याद , मोहम्मद इकबाल चंदा यादव, फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी सहित सैकड़ो फुटबॉल खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।इस आशय की जानकारी जिला खेल मिडिया प्रभारी डॉ तुलसी प्रसाद सिंह ने दी।

## अखिल भारतीय कांग्रेस महिला सेल के जिला अध्यक्ष नीतू कुमारी ने बसपा का थामा दामन



**लोकतंत्र की आवाज**

**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** अखिल भारतीय जिला कांग्रेस महिला सेल के कैमूर जिला इकाई अध्यक्ष नीतू कुमारी ने कांग्रेस का दामन छोड़कर बहुजन समाज पार्टी बिहार प्रदेश कार्यालय में मुख्य सेक्टर प्रभारी सह पूर्व सांसद राजाराम के मार्गदर्शन में बसपा का दामन थाम लिया।

बिहार स्टेट मुख्य जोन प्रभारी संतोष कुमार ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह मोहनियां विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी नीतू कुमारी को बिहार प्रदेश बसपा कार्यालय में सदस्यता दिलवाने का काम किया। संतोष कुमार ने बताया कि नीतू कुमारी के जुड़ने से महिलाओं की सम्मान मिला। बसपा का दामन थामने के बाद नीतू कुमारी ने प्रेस को बताया कि बहुजन महानायकों की विचारधारा पर चलकर महिलाओं को बसपा के साथ जोड़कर उनकी समस्याओं को उठाने का काम करूंगी। उक्त अवसर पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, बिहार प्रदेश केंद्रीय स्टेट प्रभारी दिनेश कुमार गौतम, विवेक किशोर कुणाल, बिहार स्टेट मुख्य जोन प्रभारी संतोष कुमार, मुकेश अहिरवार, बलिराम प्रसाद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। नीतू कुमारी की बसपा के दामन थामने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दिया है।

## कैमूर जिलाधिकारी ने चाँद व मोहनिया में परखी विकास योजनाओं की हकीकत



**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर।** जिलाधिकारी ने बुधवार को चाँद एवं मोहनिया प्रखंड का दौरा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**प्रमुख निरीक्षण बिंदु- कृषि फार्मः** चाँद—बराढी कृषि फार्म में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी, मुख्य सड़क पर सूचना पट्ट और इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के निर्देश दिए। परिसर की सफाई और वृक्षारोपण पर भी जोर दिया।

**पंचायत भवन व पैक्सः** चाँद पंचायत सरकार भवन का काम जल्द पूरा करने की चेतावनी दी। साथ ही निर्देश दिया कि विवाह मंडप एक किनारे बनाएं ताकि पार्किंग व खेल का मैदान सुरक्षित रहे। पैक्स गोदाम का रास्ता तुरंत दुरुस्त करने को कहा।

**तालाब सौंदर्यीकरणः** भेरी तालाब की स्वच्छता बनाए रखने और वहां सौंदर्यीकरण के साथ जनोपयोगी ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव मांगा।

**डेयरी फार्मः** मोहनिया के दादर में प्रस्तावित डेयरी फार्म स्थल का मुआयना किया। डीएम ने कहा कि इस केंद्र से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

**डीएम का संदेशः** सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें ताकि योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय सीमा के भीतर पहुँच सके।

## चोरी घटना से फैला दहशत, एक साथ कई घरों को चोरों ने बनाया निशाना



**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर।** जिला के कुदरा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी घटना से आम जनता का जीना दुश्वार हो गया है। वही चोरों के बढ़ते मनोबल से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है। जहां कि कुदरा में वार्ड नंबर 11—12 में रात्रि के वक्त में लगभग 8— 10 बंद घरों ताला तोड़ चोरी की घटना को दिया गया अंजाम वार्ड 11 की रिंकू देवी ने बताया घरों के ताला तोड़ से अलमारी में रखे हुए सोने चांदी के आभूषण, महंगे कपड़े , गैस सिलेंडर , अनाज की चोरी की गई सभी बंद घरों को बनाया गया निशाना ।

इस घटना से कुदरा के लोग काफी डरे और भयभीत महसूस कर रहे हैं लोगों ने कहा कुछ घंटे घर का ताला बंद होने के बाद रेकी कर चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना कर ली जा रही है कांड संख्या दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने के चलते चोरों का मनोबल पूरी तरह बढ़ा हुआ है। सभी घरों को बारी—बारी से रेकी कर चोरी कर कर आराम से निकल जाते हैं मेहरून मिशा , आसमा खातून, नंदू कुमार, चंद्रभान सिंह के घर में चोरी की घटना की गई है।

## नन्हे कदम, लोकतंत्र की पाठशालाः सिसौड़ा पंचायत में पीएम श्री जवाहर नवोदय के बच्चों ने सीखी शासन की बारीकियां



**लोकतंत्र की आवाज**

**रामगढ़।** लोकतांत्रिक व्यवस्था को किताबी पन्नों से बाहर निकलकर जमीन पर समझने के उद्देश्य से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चौरसिया के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने सिसौड़ा पंचायत संसाधन केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को करीब से देखा और समझा।

**भव्य स्वागत और सांस्कृतिक संगम :** पंचायत संसाधन केंद्र पहुँचने पर मुखिया प्रदीप कुमार सिंह ने 70 विद्यार्थियों और शिक्षकों (विनय कुमार एवं श्रवण कुमार) का गर्मजोशी से स्वागत किया। मध्य विद्यालय सिसौड़ा के छात्र—छात्राओं ने पुष्प वर्षा और स्वागत गीतों के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतिः** छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि लक्ष्मी, संध्या, सत्या यादव और शिवानी कुमारी ने अपनी सुरीली आवाजों में देशभक्ति और प्रेरणादायक गीतों से समां बांध दिया।

**संवादः** दीपक लक्ष्य ने जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों से नामांकन प्रिरया और परीक्षा की तैयारी के गुर सीखे।

**मुखिया की पाठशालाः** 29 विषयों और ग्राम सभा का ज्ञान

विशिष्ट अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस परेड (दिल्ली) का हिस्सा रह चुके मुखिया प्रदीप कुमार सिंह ने बच्चों को पंचायत की शक्तियों से रूबरू कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि पंचायत के विषयः संविधान द्वारा प्रदत्त 29 विषयों पर पंचायत कैसे कार्य करती है।

समितियांः स्थायी समितियों और ग्राम सभा की निर्णय लेने की प्रक्रिया।

विकास के आयामः शिक्षा, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, और पर्यावरण संरक्षण में पंचायत की भूमिका।

**शिक्षा पर साझा संवादः** भ्रमण का सबसे मुख्य आकर्षण मध्य विद्यालय सिसौड़ा और जवाहर नवोदय विद्यालय, चौरसिया के बच्चों के बीच हुआ सीधा संवाद रहा। बच्चों ने एक—दूसरे के साथ पठन—पाठन के तरीकों और अनुभवों को साझा किया। इस अभिनव पहल से न केवल छात्र बल्कि अभिभावक और शिक्षक भी उत्साहित नजर आए।

**उपस्थितिः** इस अवसर पर जयप्रकाश सिंह, बृजमोहन राम, बिक्रम मौर्या, रामअवध सिंह, चंदन सिंह समेत रेखा कुमारी, अंशु कुमारी और विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दिनदहाड़े बाइक सवार लुटेरों ने महिला की चलती बाइक से जेवर लूटे, फरार



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। सोनबरसा कचहरी बाजार के मुंशी जी चौक के पास बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो लुटेरों ने एक महिला की चलती बाइक से कान की बाली लूटकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलखुआ थाना क्षेत्र के पिपरा बगेवा निवासी दिलीप यादव की पत्नी सुमित्रा देवी अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर सोनवरसा कचहरी बाजार होते हुए मायके समदा महेशपुर जा रही थीं। मायके में बीमार पिता को देखने जा रही थीं। बाजार के पास ही अपाची बाइक पर सवार लुटेरों ने उनका पीछा किया, ओवरटेक किया और करीब 50 हजार रुपये कीमत की कान की बाली लूट ली। लूट के बाद लुटेरे बख्तियारपुर की ओर भाग गए। पीड़िता ने सोनवरसा कचहरी पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने फोर्स के साथ बाजार के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन लुटेरे पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सात परीक्षार्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
अभय कुमार रंजन
वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। परीक्षा के प्रथम दिन मंगलवार को बीके साहू इंटर विद्यालय में दीवाल बांधकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के आरोप में सात विद्यार्थियों के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। हालांकि सभी परीक्षार्थियों को थाना से ही जमानत दे दी गई। तैनात दंडाधिकारी अनंत कुमार के द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा तय किए गए समय पर दरवाजा बंद कर दिया जाता है।

### कौआकोल में पंचायत समिति की बैठक 28 फरवरी को

लोक तंत्र की आवाज
कौआकोल। कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में 28 फरवरी को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी,पंचायत समिति डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की सहमति से वित्तीय वर्ष 2025—26 एवं 2026—27 में योजनाओं को अनुमोदित करने एवं अन्यान्य विषयों चर्चा के लिए 28 फरवरी,दिन शनिवार को साढ़े ग्यारह बजे दिन में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड सभागार,कौआकोल में आहुत की गयी है। उन्होंने बताया कि बैठक की सूचना सभी सम्बंधित अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से दिया जा रहा है।

### जोकीहाट की आवाज सदन में गूंजी, विधायक मो. मुर्शीद आलम ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल और जनसुविधाओं पर उठाए बड़े मुद्दे

लोकतंत्र की अवाज
पटना। मो. मुर्शीद आलम, जोकीहाट विधानसभा से ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के विधायक, ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को जोरदार तरीके से सदन में उठाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। विधायक ने उदाहाट उप–स्वास्थ्य केंद्र को 6 बेड वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) में अपग्रेड करने की मांग रखते हुए कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है, ताकि ग्रामीणों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। मुर्शीद आलम ने वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि ये शिक्षक अनिश्चित भविष्य और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उनके अनुभव और योगदान को नजरअंदाज करना शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदायक होगा। विधायक ने पलासी प्रखंड के पेचैली पंचायत स्थित मुसहारा घाट (श्यामपुर के पास) पुल निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पुल बनने से हजारों लोगों की आवाजाही सुगम होगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने जोकीहाट रजिस्ट्री कार्यालय में नए भवन निर्माण, आम जनता के लिए शौचालय एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी सदन में रखी।

### खगड़िया जेल में प्रोफेसर देबज्योति ने बंदियों को सिखाया क्रोध नियंत्रण

लोकतंत्र की आवाज
खगड़िया। आज खगड़िया जिला कारा में प्रोफेसर देबज्योति मुखर्जी ने बंदियों के साथ एक लाइफस्किल सेशन किया। आज का विषय था एंगर मैनेजमेंट यानी क्रोध प्रबंधन। प्रोफेसर मुखर्जी ने बारीकियों से क्रोध क्या है और क्रोध क्यों आते हैं इसके बारे में बताया। कहानी के माध्यम से प्रोफेसर मुखर्जी क्रोध के दुष्परिणाम के बारे में भी बताया। राज योग तथा कुछ स्वास अभ्यास ( ब्रीदिंग एक्सरसाइज) भी कराया। बंदियों की भागीदारी देखने को बन रहा था। ज्ञात को की जेल अधीक्षक आर एस सुमन जी के आग्रह पर प्रोफेसर मुखर्जी हर महीना खगड़िया जेल में लाइफस्किल सेशन कर रहे हैं। इससे पहले तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच पर भी सेशन ले चुके हैं। मौके पर प्रोफेसर देबज्योति ने बताया कि राज्य के 12 जेलों में 10000 से भी ज्यादा बंदियों के साथ हर महीने लाइफस्किल सेशन हो रहा है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए सीएस से की गई डाक्टरों का पैनल बनाने की मांग




लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** आगामी अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए जिले के श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (मेडिकल सर्टिफिकेट) बनवाने के लिए अब इधर—उधर नहीं भटकना पड़े, इसके लिए स्थानीय स्तर पर कवायद शुरू हो गई है। बुधवार को वैश्य समाज के अनुमंडल अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता ने अनुमंडल अस्पताल, सिमरीबख्तियारपुर में जिला सिविल सर्जन के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सिमरीबख्तियारपुर और सहरसा जिले के डाक्टरों को अमरनाथ यात्रा के आधिकारिक पैनल में शामिल करने की मांग की है।

"जल्द शुरू होगी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया" सिविल सर्जन के नाप सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि जल्द अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने वाला है। नियमानुसार, यात्रा के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र केवल राज्य सरकार द्वारा अधिकृत डाक्टरों के पैनल द्वारा ही जारी किया जा सकता है। सुमित गुप्ता ने कहा कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि पिछले कुछ वर्षों से सहरसा जिले और सिमरीबख्तियारपुर अनुमंडल के किसी भी डाक्टर का नाम श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक सूची में शामिल नहीं रहता है। जबकि पड़ोसी जिले पूर्णिया के छोटे छोटे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक को इस पैनल में जगह दी गई थी।

"श्रद्धालुओं को होती है परेशानी" स्थानीय स्तर पर व्यवस्था न होने के कारण पूरे सहरसा जिले के सैकड़ों श्रद्धालुओं को मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए दूसरे जिलों के चक्कर काटने पड़ता हैं। इससे उन्हें भारी मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल, सिमरी बख्तियारपुर एवं सदर अस्पताल, सहरसा के सक्षम डाक्टरों के नाम एवं उनके हस्ताक्षर के नमूने अविलंब स्वास्थ्य निदेशालय, पटना को प्रेषित किए जाएं। ताकि आगामी यात्रा की आधिकारिक सूची में सहरसा का नाम अनिवार्य रूप से शामिल हो सके। इस मौके पर गोपाल केशरी, रौशन राज, सुधांशु गुप्ता एवं अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## मटेश्वर महोत्सव में उत्कृष्ट योगदान के लिए डाक कांवरिया संघ को एसडीएम और एसडीपीओ ने किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** मंगलवार की देर रात राजकीय बाबा मटेश्वर महोत्सव के समापन समारोह के उपरांत उत्कृष्ट योगदान के लिए डाक कांवरिया संघ को एसडीएम आलोक राय, एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर व वीडियो जयकिशन के द्वारा सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष मुन्ना भगत सहित पूरी टीम को मंच पर आमंत्रित कर पाग—चादर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में सांसद दिनेश चंद्र यादव, विधायक संजय कुमार सिंह, न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक डा. अरूण कुमार यादव व सचिव जगधर यादव ने डाक कांवरिया संघ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठनों की स्त्रिरयता से बड़े आयोजनों का संचालन सुचारु रूप से संभव हो पाता है। कार्यक्त्रम को सफल बनाने में प्रशासन के सहयोगी के रूप में मुन्ना भगत के नेतृत्व में कृष्ण कन्हैया, शिवेंद्र पौदार, दीपक सिंह, सिकेन्द्र साह, विनोद साह, बमबम गुप्ता, धीरेन्द्र राय, अनिल यादव, विंदल यादव, सुनील पासवान सहित दर्जनों स्वयंसेवक पिछले एक सप्ताह से लगातार सक्रिय रहे।

### परीक्षार्थी के साथ मारपीट, केस दर्ज

**अभय कुमार रंजन, वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के मेन रोड पर स्थित एसएन सिन्हा कॉलेज में मैट्रिक की परीक्षा दे रहे एक परीक्षार्थी के साथ मारपीट की गई। जिससे वह जख्मी हो गया। जख्मी छात्र थाना क्षेत्र के हैवतपुर गांव निवासी रितिक कुमार ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही सतीश कुमार उर्फ कटपीस तथा हेमदा ग्रामीण रवि कुमार सहित तीन—चार अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया है। आवेदन में कहा गया है कि मंगलवार को एसएन सिन्हा कॉलेज में प्रथम पाली की परीक्षा देकर घर जा रहे थे।

## वारिसलीगंज में 40 लीटर देसी शराब जप्त, आरोपित फरार

लोकतंत्र की आवाज

**अभय कुमार रंजन**
**वारिसलीगंज (नवादा)।** होली त्योहार को लेकर स्थानीय थाना पुलिस का शराब निर्मान, भंडारण, परिवहन तथा बिक्त्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम ने थाना क्षेत्र के मय गांव स्थित पश्चिम दिशा में बांस बाड़ी में छापेमारी कर एक शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए 40 लीटर महुआ निर्मित शराब तथा एक गैस सिलेंडर एक बड़ा तसला को जब्त किया है। थानाध्यक्ष श्री सैनी ने बताया कि पुलिस को आते देख भट्ठी संचालक सभी शराब तस्कर फरार हो गये।

उन्होंने बताया कि शराब बरामदगी मामले में 6 शराब तस्करों के विरुद्ध नई उत्पाद अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गौरतलब हो कि पिछले साल होली के पर्व में ही जहरीली शराब से मौत की घटना को देखते हुए पुलिस इसबार शराब माफियाओं पर विशेष नजर रखते हुए सघन कार्रवाई करने में जुटी है, ताकि पिछले साल की तरह दुबारा जहरीली शराब से मौत की घटना इस जिले में नहीं हो। ज्ञात हो कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने में शराब माफियाओं द्वारा शराब भंडारण किये जाने की तैयारी पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार को मय गांव में छापेमारी कर शराब भट्टियों को ध्वस्त किया गया। दर्ज प्राथमिकी में मय गांव निवासी कृष्णदेव सिंह के पुत्र मनीष कुमार, गोरेलाल सिंह के पुत्र कामदेव कुमार उर्फ लल्लू, मिथलेश सिंह के पुत्र धनंजय कुमार उर्फ कारू तथा अनिल सिंह के पुत्र गौरव कुमार के अलावा मंजौर गांव निवासी श्रवण चौहान एवं मुकेश चौहान शामिल है।

## बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा सहरसा का चुनाव परिणाम घोषित, सभी निर्विरोध चुने गये

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा सहरसा के लिए हुए कार्यकरनी पदाधिकारीयों एवं डेलीगेट्स प्रतिनिधियों का मंगलवार को चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी सुधीर कुमार, पर्यवेक्षक ब्रजेश कुमार एवं रूपेश कुमार ने बताया की एसोसिएशन के सभी पदों के लिए 17 फरवरी को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया था जिसमें सभी पदों के लिए एक—एक उम्मीदवार ही नामांकन पर्चा दाखिल किया।

बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा चुनाव नियमावली 2025 में निहित प्रावधानों के तहत सभी नामांकन पत्रों को जांचोंपरान्त वैध पाते हुए एसोसिएशन के सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए सभी के



नामों की घोषणा कर दी गयी है। सभापति सिपाही 191—दीना नाथ कुमार, उपसभापति हवलदार अरुण कुमार सिंह, उपसभापति—2 सिपाही—67 संदेश कुमार आजाद, सचिव (मंत्री) हवलदार रासलाल पासवान, कोषाध्यक्ष सिपाही—335 मंचित कुमार, संयुक्त मंत्री सिपाही—259 पवन कुमार यादव, केंद्रीय सदस्य सिपाही 147 सूरज राम, अंकेक्षक सिपाही 362 तौकीर खान चुने गये हैं। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद विजयी सदस्यों को फूल माला पहनाकर अबीर—गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी गयी।

## फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव, पति पर मारपीट का आरोप

लोकतंत्र की आवाज

**■ सांडी कस्बे के मोहल्ला नौशहरा की घटना फोरेंसिक टीम जांच में जुट गई है**

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** सांडी कस्बे के मोहल्ला नौशहरा में बुधवार रात एक विवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। कमरे में मौजूद दो मासूम बच्चों के रोने की आवाज सुनकर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा, तब विवाहिता फंदे से लटकी मिली।

सूचना पर पुलिस, नायब तहसीलदार और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मोहल्ला नौशहरा निवासी गंगासागर गल्ला मंडी में पल्लेदारी करता है। उसकी शादी 23 मई 2021 को बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के बिरनी गांव निवासी माधौ की 32 वर्षीय बेटी रोशनी से हुई थी। दंपति के एक बेटा और एक बेटी है। पति गंगासागर ने बताया कि देर रात बच्चों के रोने की आवाज सुनकर उसने कमरे का दरवाजा खोला पर अंदर से बंद होने के कारण दरवाजा तोड़ना पड़ा। अंदर पहुंचने पर पत्नी फांसी के फंदे से लटकी मिली।

वहीं, मृतका के पिता माधौ ने दामाद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर बेटी की शादी की थी, लेकिन दामाद शराब के नशे में अक्सर बेटी के साथ मारपीट करता था। विरोध करने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। करीब एक साल पहले पंचायत के बाद बेटी को ससुराल भेजा गया था पर दामाद का व्यवहार नहीं बदला।

घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार मुकेश चौधरी, पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी बसन्तराम ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ससुर का हत्यारोपी दामाद व साथी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** थाना पचदेवरा क्षेत्र के माननगला—हथौड़ा रोड पर हुए पूर्व कोटेदार अशोक बाबू अग्निहोत्री हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें आरोपित दामाद और उसका साथी शामिल है। निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हॉकी भी बरामद हुई है।

थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के भाई कृष्ण कुमार निवासी इस्लामनगर शाहजहांपुर की तहरीर पर थाना पचदेवरा में मुकदमा दर्ज हुआ था। 17 फरवरी की सुबह माननगला—हथौड़ा रोड पर हथौड़ा निवासी दामाद मनमोहन उर्फ मन्नू और अभिषेक सोमवंशी ने अशोक बाबू के सिर पर हॉकी से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी क्षेत्र में है। पुलिस टीम ने गुरुवार सुबह करीब 6:05 बजे माननगला अंडरपास के पास से मनमोहन उर्फ मन्नू निवासी ग्राम हथौड़ा थाना पचदेवरा और अभिषेक सोमवंशी निवासी ग्राम हथौड़ा स्थायी पता ग्राम खंडौली थाना राजेपुर फर्रुखाबाद को धर लिया। मनमोहन की निशानदेही पर हथौड़ा नहर के पास झाड़ियों से हत्या में प्रयुक्त हॉकी बरामद कर ली गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह, उपनिरीक्षक पप्पूराम सिंह, उपनिरीक्षक राकेश पटेल, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल आदित्य चौधरी और कांस्टेबल विजयपाल शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हरदोई : सदन में की बेनीगंज स्थित जर्जर पशु चिकित्सालय की मरम्मत की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**■ विधायक रामपाल वर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सालय की बदहाल स्थिति को लेकर कई बार लिखित शिकायत भी की गई थी**

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** बालामऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड कोथावां की नगर पंचायत बेनीगंज में स्थित पशु चिकित्सालय काफी समय से जर्जर हालत में पड़ा है। मरम्मत न होने के कारण क्षेत्रीय पशुपालकों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा ने विधानसभा सदन में उठाया है।

विधायक रामपाल वर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सालय की बदहाल स्थिति को लेकर उन्होंने पहले भी शासन और प्रशासन को कई बार लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका।

ग्रामीणों ने भी उन्हें लगातार इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान सदन को बताया कि नगर पंचायत बेनीगंज का पशु चिकित्सालय लंबे समय से बदहाली का शिकार है। इससे पशुपालकों को अपने पशुओं के इलाज के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने फोन पर बातचीत में बताया कि नगर के उमेश चंद, रोहित वैश्य समेत अन्य ग्रामीणों ने लिखित रूप से पशु चिकित्सालय की मरम्मत की मांग की थी। जनपद स्तर पर कार्रवाई न होने के कारण उन्होंने यह मुद्दा सदन में उठाया, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। सदन की ओर से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। विधायक ने कहा कि पशुपालकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही पशु चिकित्सालय की मरम्मत कराकर बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। इससे क्षेत्रीय लोगों को राहत मिल सकेगी।

## यूपी के हरदोई में रेड-येलो जोन वार्ड में बिजली के बोर्ड खराब

**मेडिकल कालेज अस्पताल में नहीं चल पा रहे मॉनीटर-कंसंट्रेटर, व्यवस्था से मरीज परेशान**

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** मेडिकल कालेज अस्पताल में हर माह व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे। इमरजेंसी के रेड और एलो जोन वार्ड में आधे से ज्यादा बिजली के बोर्ड खराब पड़े हैं, जिससे कंसंट्रेटर और मानीटर तक नहीं चल पा रहे। मरीजों को जरूरी उपकरणों से जोड़ने के लिए कर्मचारियों को बेड बदलने पड़ रहे हैं।

अव्यवस्थाओं का खामियाजा मरीजों के साथ—साथ वार्ड स्टाफ को भी भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए रिजर्व फीडर की व्यवस्था है, फिर भी बिजली आए दिन गुल हो जाती है। जनरेटर भी पर्याप्त सहारा नहीं दे पा रहे। सबसे गंभीर बात यह है कि बिजली उपकरणों की मरम्मत नियमानुसार टेंडर प्त्रिरया से नहीं कराई जा रही। कोई एजेंसी नामित न होने के कारण अस्पताल प्रशासन खुद ही मैकेनिक बुलाकर काम करा रहा है। ऐसे में पंखे, कूलर या अन्य उपकरणों की मरम्मत में पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

वार्डों में कहीं बिजली के बोर्ड फुके पड़े हैं तो कहीं कटे तार खुले में लटक रहे हैं, जो हादसे को न्योता दे रहे हैं। इमरजेंसी के रेड जोन के 10 नंबर बेड पर यदि बोर्ड खराब है तो मरीज को दूसरे बेड पर शिफ्ट करना पड़ता है। एक मरीज के साथ दूसरे मरीज को भी असुविधा झेलनी पड़ती है। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जेबी गोगोई ने कहा कि इमरजेंसी के रेड व एलो जोन वार्ड में बिजली के बोर्ड खराब होने की शिकायत मिली है। बिजली उपकरणों की मरम्मत के लिए अभी कोई एजेंसी नामित नहीं है। फिलहाल मैकेनिक बुलाकर काम कराया जा रहा है। शुक्त्रवार तक बोर्डों की मरम्मत करा दी जाएगी।


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।